वर्ष : 18 अंक: 32 ग्वालियर ● बुधवार 05 मार्च 2025 ● पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रु.



दैनिक मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित

# चम्बल सुर्खी

उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 37 वर्ष

निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता

आज का तापमान
अधिकतम 26 डिग्री
न्यूनतम 13 डिग्री

## संक्षिप्त समाचार



### पहलवान सुशील कुमार को सागर धनखड़ हत्याकांड में बड़ी राहत, दिल्ली कोर्ट से मिली नियमित जमानत

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को जूनियर पहलवान सागर धनखड़ हत्याकांड मामले में पहलवान सुशील कुमार को नियमित जमानत दे दी है। ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार को इस हत्याकांड में मई 2021 में गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले उन्हें घुटने की सर्जरी के लिए जुलाई 2023 में सात दिन की अंतरिम जमानत भी दी गई थी। यह मामला मई 2021 का है, जब छत्रसाल स्टेडियम में पूर्व जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियन सागर धनखड़ की कथित तौर पर पहलवान सुशील कुमार और उनके साथियों द्वारा पिटाई के बाद मौत हो गई थी।

### केंद्र सरकार ने पासपोर्ट बनाने के नियमों में किया बदलाव, अब इस दस्तावेज के बिना नहीं होगा आवेदन

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** पासपोर्ट को एक महत्वपूर्ण दस्तावेज के तौर पर माना जाता है। पासपोर्ट के होने से किसी भी शख्स की आसानी से पहचान हो जाती है, इसके साथ ही उसकी नागरिकता भी साबित होती है। इस बीच भारत सरकार ने पासपोर्ट को लेकर नियमों में बदलाव किया है। केंद्र सरकार ने पासपोर्ट बनवाने के नियमों में बदलाव किया है। नए नियम के तहत अब पासपोर्ट बनवाने के लिए बर्थ सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना जरूरी होगी। केवल जन्म प्रमाण पत्र ही जन्मतिथि के लिए वैध प्रमाण होगा। हालांकि, ये नियम सभी लोगों पर लागू नहीं होगा। ये नए नियम केवल उन लोगों पर ही लागू होंगे जो 01 अक्टूबर 2023 या उसके बाद पैदा हुए हैं। इससे पहले बर्थ सर्टिफिकेट की जगह मार्कशीट या स्कूल छोड़ने का प्रमाणपत्र, ड्राइविंग लाइसेंस भी प्रयोग कर लिया जाता था। पासपोर्ट बनवाने के लिए बर्थ सर्टिफिकेट उन लोगों के लिए आवश्यक नहीं हैं, जिनका जन्म इस तिथि से पहले हुआ है।

### दिल्ली में बीजेपी नेता की मौत, पार्टी कार्यालय में पंखे से लटका मिला शव, इलाके में मची सनसनी

**नईदिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली में एक बीजेपी नेता के खुदकुशी का मामला सामने आया है। बीजेपी के पूर्व निगम पार्षद ठाकुर अवधेश सिंह ने उत्तर पूर्वी दिल्ली जिला कार्यालय यमुना विहार में फांसी लगाकर जान दी। बीजेपी नेता की मौत की खबर की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। मंगलवार सुबह करीब 12 बजे एक शख्स कार्यालय पहुंचा तो दरवाजा अंदर से बंद था। जाली से झांककर देखा तो पंखे से लटककर अवधेश सिंह ने खुदकुशी कर ली थी। फिलहाल घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। बीजेपी नेता की मौत की सूचना मिलते ही तुरंत ही पुलिस की टीम मौके पर आ पहुंची। पुलिस ने घटना स्थल पर जांच-पड़ताल की।

## संतोष देशमुख हत्याकांड :

# महाराष्ट्र सरकार के मंत्री धनंजय मुंडे ने पद से दिया इस्तीफा, करीबी पर लगे थे आरोप

**मुंबई ,एजेंसी।** महाराष्ट्र सरकार के मंत्री और नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के नेता धनंजय मुंडे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि मुंडे का इस्तीफा उनके निजी कार्यालय में क्कप्रशांत जोशी द्वारा सौंपा गया। फडणवीस ने कहा, मुंडे ने मुझे अपना इस्तीफा भेजा है, जिसे हमने राज्यपाल को अग्रेषित कर दिया है।

सूत्रों ने बताया कि मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड को सरपंच संतोष देशमुख हत्या मामले में आरोपी बनाया गया है।



सूत्रों के हवाले से बताया कि उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार रात फडणवीस से मुलाकात की और देशमुख हत्याकांड तथा दो अन्य संबंधित मामलों में दायर सीआईडी की चार्जशीट के नतीजों पर चर्चा की, जिसमें कराड को आरोपी नंबर एक बनाया गया है।

जानकारी दें कि बीड के मासाजोग गांव के सरपंच देशमुख को पिछले साल 9 दिसंबर को कथित तौर पर जिले में एक ऊर्जा कंपनी को निशाना बनाकर की जा रही जबरन वसूली की कोशिश को रोकने की कोशिश करने पर अगवा कर लिया गया, प्रताड़ित किया गया और उनकी हत्या कर दी गई।

इस घटना के बाद राज्य अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने 27 फरवरी को देशमुख की हत्या और दो संबंधित मामलों में बीड जिले की एक अदालत में 1,200 से अधिक पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया।

## 2023 का बदला पूरा

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी से किया बाहर, कोहली बने हीरो

**दुबई,एजेंसी।** विराट कोहली की शानदार पारी के दम पर भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली है। भारत ने इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया से 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया है। भारतीय टीम टूर्नामेंट में अजेय रहते हुए फाइनल में पहुंची है। यह लगातार तीसरी बार है जब भारत सीमित ओवर प्रारूप के आईसीसी टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में जगह बनाने में सफल रहा है। भारत ने इससे पहले 2023 वनडे विश्व कप, 2024 टी20 विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई थी और अब वह चैंपियंस ट्रॉफी के खिताबी मैच में भी पहुंचने में सफल रहा है।



इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया था और 49.3 ओवर में 264 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए कोहली एक बार फिर चेज मास्टर साबित हुए और उन्होंने 98 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 84 रन बनाए जिसकी मदद से भारत ने 48.1 ओवर में छह विकेट पर 267 रन बनाकर मैच जीता।

# सेबी की पूर्व अध्यक्ष को राहत, एफआईआर दर्ज करने के आदेश पर रोक

**मुंबई ,एजेंसी।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने सेबी की पूर्व अध्यक्ष माधबी पुरी बुच और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के विशेष अदालत के आदेश पर रोक लगाई है। पूर्व सेबी प्रमुख बुच और पांच अन्य ने कथित शेयर बाजार धोखाधड़ी के लिए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश को रद्द करने की मांग करते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। बंबई उच्च न्यायालय ने आज बाजार नियामक सेबी की पूर्व चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच और पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश पर चार मार्च तक कोई कार्रवाई न करने का भ्रष्टाचार-निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को निर्देश दिया। मुंबई स्थित एसीबी की विशेष अदालत ने शनिवार को शेयर बाजार में कथित धोखाधड़ी और विनियामक उल्लंघन के मामलों में बुच समेत अन्य अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था। इस फैसले को याचिकाकर्ताओं ने अवैध और मनमाना करार देते हुए रद्द करने की मांग की। न्यायमूर्ति एस. जी. डिगे की अध्यक्षता वाली एकल पीठ ने इस मामले पर मंगलवार को सुनवाई तय की और तब तक एसीबी अदालत के आदेश पर कोई कार्रवाई न करने का



# मुस्लिमों के साथ धार्मिक मामलों में सौतेला रवैया न्यायसंगत नहीं : मायावती


**लखनऊ ,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा प्रमुख मायावती ने मंगलवार को केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने दोनों ही सरकारों पर मुस्लिमों के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मुस्लिमों के साथ धार्मिक मामलों में सौतेला व्यवहार न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने इस संबंध में अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर दो पोस्ट भी किए। अपने पहले पोस्ट में उन्होंने लिखा, भारत सभी धर्मों को सम्मान देने वाला धर्मनिरपेक्ष देश है। उन्होंने आगे लिखा, ऐसे में केंद्र व राज्य सरकारों को बिना पक्षपात के सभी धर्मों को मानने वालों के साथ एक जैसा बर्ताव करना चाहिए, किन्तु अब मुसलमानों के साथ धार्मिक मामलों में भी जो सौतेला रवैया अपनाया जा रहा है, यह न्यायसंगत नहीं। उन्होंने अपने दूसरे पोस्ट में कहा, साथ ही, सभी धर्मों के पर्व-त्योहारों आदि को



लेकर पाबंदियां व छूट से संबंधित जो नियम-कानून हैं, उन्हें बिना पक्षपात एक जैसा लागू होना चाहिए, जो ऐसा होता हुआ नहीं दिख रहा है। उन्होंने कहा कि इससे समाज में शांति व आपसी सौहार्द बिगड़ना स्वाभाविक है, जो अति-चिंतनीय है। सरकारें इस ओर जरूर ध्यान दें। मायावती ने इससे पहले तीन मार्च को अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से निकाल दिया था। इसकी जानकारी मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए दी थी। उन्होंने कहा था कि आकाश आनंद को, उनके ससुर की तरह, पार्टी और मूवमेंट के हित में पार्टी से निष्कासित किया जाता है। एक दिन पहले ही रविवार को मायावती ने आकाश को नेशनल कोऑर्डिनेटर सहित सारे पदों से हटाया था। मायावती ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा था, बीएसपी की ऑल इंडिया की बैठक में रविवार को आकाश आनंद को पार्टी हित से अधिक पार्टी से निष्कासित अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ के प्रभाव में लगातार बने रहने के कारण नेशनल कोऑर्डिनेटर सहित सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया था, जिसका उसे पश्चाताप करके अपनी परिपक्वता दिखानी थी। लेकिन, इसके विपरीत आकाश ने जो अपनी लंबी-चौड़ी प्रतिक्रिया दी है, वह उसके पछतावे और राजनीतिक मैच्योरिटी का नहीं, बल्कि उसके ससुर के ही प्रभाव वाला ज्यादातर स्वार्थी, अहंकारी व गैर-मिशनरी है, जिससे बचने की सलाह, मैं पार्टी

# डोनाल्ड ट्रंप से बहस से बाद यूक्रेन को बड़ा झटका, अमेरिका ने सभी सैन्य मदद रोकीं

**वाशिंगटन ,एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन को दी जाने सैन्य सहायता पर रोक लगा दी है। उन्होंने ये रोक तब तक लगा दी है, जब तक कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की रूस के साथ युद्ध समाप्त करने की प्रतिबद्धता नहीं दिखा देते। अधिकारियों का हवाला देते हुए, फॉक्स न्यूज ने बताया कि यह आदेश जल्द ही आने वाला है। राष्ट्रपति ट्रंप मंगलवार शाम को अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए यूक्रेन के मुद्दे पर बात करेंगे। यह बात कनाडा और मैक्सिको से आयात पर 25 प्रतिशत और चीन से आयात पर 20 प्रतिशत टैरिफ वृद्धि लागू होने के कुछ घंटों बाद कही गई है। व्हाइट हाउस में जब ट्रंप से पूछा गया कि यूक्रेन के साथ खनिजों के संसाधनों पर अधिकार सुरक्षित करने के लिए वार्ता को फिर से शुरू करने के लिए क्या करना होगा, तो उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि आपको अधिक सराहना करनी चाहिए, क्योंकि यह देश हर अच्छे-बुरे समय में उनके साथ खड़ा रहा है।' लंदन में राष्ट्रपति जेलेंस्की की इस टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर कि उन्हें डर है कि रूस के साथ युद्ध लंबे समय तक चलने वाला है, राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यूक्रेनी नेता सही नहीं हैं। ट्रंप ने आगे कहा कि रूस युद्ध को समाप्त करना चाहता है और यूक्रेन के लोग भी ऐसा ही चाहते हैं, वे जेलेंस्की और उनके देश के बीच दूरी बनाना चाहते हैं, एक ऐसी लाइन जो उनके रिपब्लिकन समर्थकों के बीच प्रमुखता से चल रही है। ट्रंप ने कुछ सप्ताह पहले जेलेंस्की को तानाशाह कहा था और सुझाव दिया था कि वे चुनाव नहीं करवा रहे हैं क्योंकि उन्हें हारने का डर है। ओवल ऑफिस में शुक्रवार को हुए विस्फोट के बाद, रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम, जो 2022 के रूसी आक्रमण के खिलाफ यूक्रेन की लड़ाई के कट्टर समर्थक रहे हैं, लेकिन जिन्हें देश और विदेश में एक अस्थिर सहयोगी और मित्र के रूप में भी जाना जाता



## विधानसभा में तेजस्वी पर भड़के नीतीश कुमार कहा :

# तुम्हारे पिताजी को भी हम ही बनाए थे

**पटना ,एजेंसी।** बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं. इससे पहले नीतीश कुमार सरकार ने सोमवार को 3.17 लाख करोड़ रुपये का अपना अंतिम बजट पेश किया. इस पर बोलते हुए मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधानसभा में विपक्ष पर जमकर हमला बोला. वो तेजस्वी यादव पर बरसे. सीएम नीतीश ने कहा, पहले बिहार में क्या था? तुम्हारे (तेजस्वी यादव) पिताजी को भी हम ही बनाए थे. तुम दो बार गड़बड़ किए तो तुमको भी हम हटाए. राजद के काल में कुछ नहीं हुआ।

केवल जाति-धर्म का झगड़ा होता था. तुम्हारी जाति के लोग भी मुझसे पूछ रहे थे कि मैं ऐसा क्यों कर रहा हूं लेकिन मैंने फिर भी उन्हीं को बनाया।



सीएम नीतीश ने कहा, हमने अस्पताल बनाए. सड़कें बनाई और पुलिस बल की संख्या बढ़ाई. अब बिहार के किसी भी हिस्से से 4 घंटे में पटना पहुंचने की सुविधा है. बिहार विधानसभा में विपक्ष के हंगामे और नारेबाजी के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हम लोग एक साथ हैं और अब एक ही साथ रहेंगे. उधर, हंगामे के बाद विपक्ष ने वॉकआउट किया. विधानसभा में बोलते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

# देश में एमएसएमई की संख्या 6 करोड़ से भी पार, करोड़ों लोगों को मिल रहा रोजगार : पीएम मोदी

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश में एमएसएमई की संख्या आज बढ़कर 6 करोड़ से भी ज्यादा हो गई है। इसी के साथ करोड़ों लोगों को रोजगार के अवसर मिले हैं। पीएम मोदी ने पोस्ट-बजट वेबिनार के मंच से सभा को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि 2020 में हमने एमएसएमई की परिभाषा में संशोधन किया। यह 14 साल बाद किया गया।

इससे यह डर दूर हो गया कि बढ़ते कारोबार से सरकारी लाभ खत्म हो जाएंगे। एमएसएमई को निरंतर आगे बढ़ते रहने का आत्मविश्वास मिले, इसके लिए इस बजट में एमएसएमई की परिभाषा का विस्तार किया गया है। उन्होंने लोन वितरण के लिए नए तरीके अपनाने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नए तरीकों के साथ एमएसएमई को कम लागत और समय पर लोन मिलना सुनिश्चित हो सकेगा। उन्होंने उद्योगों को एमएसएमई को सहयोग देने के क्रम में मेंटरशिप कार्यक्रम शुरू करने को कहा।



बजट में एमएसएमई के लिए क्रेडिट गारंटी कवर को 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ कर दिया गया था। उन्होंने कहा, आज 14 सेक्टर्स को पीएलआई योजना का लाभ मिल रहा है। इस योजना के तहत 7.5 करोड़ यूनिट को मंजूरी दी गई है। इससे देश में 1.5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश आया है और 13 लाख करोड़ से ज्यादा का उत्पादन हुआ है। इसी के साथ 5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का निर्यात हुआ है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को लेकर पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज दुनिया का हर देश, भारत के साथ अपनी इकोनॉमिक भागीदारी को मजबूत करना चाहता है। उन्होंने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से इस पार्टनरशिप का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने के लिए आगे आने का आग्रह किया।

उन्होंने भारत की मैन्युफैक्चरिंग यात्रा में रिसर्च और डेवलपमेंट (आरएंडडी) के अहम योगदान को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इसे आगे बढ़ाने और गति देने की जरूरत है। उन्होंने सुझाव दिया कि आरएंडडी से हम इनोवेटिव प्रोडक्ट्स पर फोकस कर सकते हैं और साथ ही प्रोडक्ट्स में वैल्यू एडिशन कर सकते हैं।

# सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 योजना अन्तर्गत 'पोषण भी- पढ़ाई भी' प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए 30 करोड़ 56 लाख रूपये की स्वीकृति

## प्रदेश में राजस्व भू-अभिलेखों के लंबित डिजिटाइजेशन के लिए 138 करोड़ 41 लाख रूपये की स्वीकृति

**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा केन्द्र प्रवर्तित सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 योजना अन्तर्गत "पोषण भी- पढ़ाई भी" प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं भारत सरकार के मापदंडों अनुसार इसके आयोजन के लिए 30 करोड़ 56 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गयी।

इसका उद्देश्य बाल्यावस्था के प्रथम एक हजार दिवस में प्रारंभिक उद्दीपन, 3 से 6 वर्ष के आयु वर्ग के लिए ईसीसीई (देखभाल व शिक्षा) को बढ़ावा देना, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को ईसीसीई एवं शैक्षिणक दृष्टिकोण की बुनियादी समझ विकसित करना, खेल आधारित उच्च गुणवत्ता प्रदान करना है। इसका लक्ष्य, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का क्षमता संवर्धन एवं परियोजना में एक बाल विकास परियोजना अधिकारी 3 पर्यवेक्षकों को मास्टर ट्रेनर बनाना हैं।



**गेहूं का उपार्जन रूपये 2,600 प्रति क्विंटल पर**

मंत्रि-परिषद द्वारा रबी विपणन वर्ष 2025-26 में किसानों को गेहूं उपार्जन पर बोनस भुगतान एवं सरप्लस गेंहू के निस्तारण के संबंध में गेंहू उपार्जन पर बोनस राशि रुपये 125/- प्रति क्विंटल के स्थान पर राशि में वृद्धि करते हुए राशि रूपये 175/- प्रति क्विंटल किये जाने का निर्णय लिया गया हैं। निर्णय अनुसार गेहूं का उपार्जन रूपये 2,600 प्रति क्विंटल पर किया जायेगा।

उपार्जन कार्य 15 मार्च से प्रारंभ हो जायेगा। गेहूं की एमएसपी दर रूपये 2,425 प्रति क्विंटल पर उपार्जन पर रूपये 175 प्रति क्विंटल बोनस दिया जायेगा।

# 5 किसानों को मिलेगी पीएम किसान सम्मान निधि, 2 की पेंशन स्वीकृत

## एक को ट्राइसिकल तो एक दिव्यांग को मिली व्हीलचेयर, संबल योजना में नॉमिनी बदलने के निर्देश, विजयपुर में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने कहा कि विजयपुर विकासखण्ड क्षेत्र के सभी खण्ड स्तरीय अधिकारी नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण करें तथा गांव में जाकर लोगों की समस्याओं का निराकरण करें, पेयजल से सम्बंधित समस्या प्राप्त होने पर तत्काल निराकरण की कार्यवाही की जाए। पीएम जनमन योजना एवं पीएम ग्रामीण आवास योजना अंर्तगत पात्र हितग्राहियों के नाम आवास प्लस की सर्वे सूची में जोड़े जाए, राजस्व अधिकारी राजस्व संबंधी मामलों का मौके पर जाकर निराकरण करें। वे आज मंगलवार को श्योपुर जिला मुख्यालय से लगभग डेढ सौ किलोमीटर दूर विजयपुर में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जिला एवं खण्ड स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, एसडीएम श्री अभिषेक मिश्रा, एसडीओपी श्री राघवेन्द्र सिंह तोमर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई के दौरान 185 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमे से पीएम किसान सम्मान निधि, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आवास, पेयजल, नामांतरण आदेश अमल आदि से संबंधित कई आवेदन मौके पर ही निराकृत किये गए।

**5 लोगों को मिलेगा किसान सम्मान निधि का लाभ**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि से संबंधित 5 आवेदन तत्काल निराकृत किये गए, आवेदक श्री मोनू शर्मा, श्रीमती प्रियंका शर्मा, श्रीमती मनोरमा शर्मा निवासी अर्रोद, श्री ब्रह्मानंद जाटव निवासी भेसाई, श्री बादामी जाटव निवासी लाडपुरा के नाम तत्काल ही पीएम किसान सम्मान निधि अंतर्गत पोर्टल पर पंजीकृत किये गए, जिससे उन किसानों को अब राशि प्राप्त होने लगेगी।

**एक को ट्राइसिकल तो एक दिव्यांग को मिली व्हीलचेयर**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा जनसुनवाई के दौरान दिव्यांग श्रीमती रामलली रावत मेदावाली को ट्राइसिकल एवं दिव्यांग श्रीमती शारदा रावत मेदावाली को व्हीलचेयर प्रदान की गई। इसके साथ ही मेदावाली निवासी दिव्यांग श्रीमती रामरती रावत एवं श्री हल्के रावत को मौके पर ही पेंशन स्वीकृत करने की कार्यवाही की गई। दोनों दिव्यांगजनों को अगले माह से 600-600 रुपए पेंशन मिलना शुरू होगी।

**संबल योजना में नॉमिनी बदलने के निर्देश**

कलेक्टर एवं मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने जनसुनवाई के दौरान श्रीमती सरिता कुशवाह निवासी बराकलां के अनुग्रह सहायता राशि की मांग हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्र पर सीईओ जनपद श्री ऑफिसर सिंह गुर्जर को निर्देश दिए कि नॉमिनी चेंज करने की कार्यवाही की जाए तथा महिला को नियमानुसार लाभ दिलाया जाए। महिला ने बताया कि उसके पति स्व. श्री वीरेंद्र कुशवाह की म्रत्यु बीमारी के चलते हो गई थी। मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत नॉमिनी के रूप में पत्नी के स्थान पर माँ का नाम दर्ज हो गया है, जिस कारण अनुग्रह सहायता राशि का लाभ नही मिल रहा है।

**पैर के उपचार के लिए एम्बुलेंस से श्योपुर भेजने के निर्देश**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने ग्राम गोलीपुरा निवासी श्री श्रीनिवास आदिवासी के पैर के उपचार के लिए एम्बुलेंस से श्योपुर भिजवाने के निर्देश डॉ एसएन बिंदल को दिए, उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर रोगी को मुरैना में 26 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित हो रहे शिविर में भेजा जाए। इसके साथ ही श्री राम कुमार लोहरे निवासी बेनीपुरा, श्रीमती ब्रम्हा जाटव तथा मूक बधिर दो बालिकाओं मिष्टी एवं नैना निवासी विजयपुर का भी पंजीयन करते हुए मुरैना शिविर में भेजने के निर्देश दिए गए।

**अपर ककैटो से संबंधित आवेदन का निराकरण**

अपर ककैटो से संबंधित भू-अर्जन की राशि प्रदाय किये जाने संबंधी श्री सत्यनारायण शर्मा निवासी धोबनी के आवेदन का निराकरण करते हुए अवगत कराया कि उक्त मामले में आवार्ड पारित हो चुका है तथा शीघ्र ही मुआवजा राशि बैंक खाते के माध्यम से प्राप्त होगी।

**मकनापुरा में पेयजल समस्या का निराकरण**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने मकनापुरा के ग्रामीणों की पेयजल समस्या का निराकरण करते हुए निर्देश दिए कि नलजल योजना अंतर्गत कराए गए दूसरे बोर से टंकी को चालू किया जाए तथा जिला पंचायत से मेंटीनेंस राशि प्राप्त कर मरम्मत कराई जा कर एक हफ्ते में पेयजल सप्लाई शुरू की जाए, पीएचई अधिकारियों ने बताया कि पुराने सोर्स में पानी कम होने से कुछ क्षेत्र में पानी नही जा पा रहा है, इसके लिए नवीन बोर भी करा दिया गया है।

**आवास की किस्त के लिए डीबीटी कराने के निर्देश, आवास सूची में जुड़े 8 नाम**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने आवास संबंधी 8 आवेदको का निराकरण करते हुए उनके नाम आवास प्लस की सर्वे सूची में जुड़वाए गए,श्री सुग्रीव गुर्जर सिलपुरा, श्री अशोक भरतद्वज गसवानी, श्रीमती गौमती बाथम श्यामपुर, श्रीमती दुलारी बाथम श्यामपुर, श्रीमती रजनी बाथम श्यामपुर, श्रीमती देवी बाथम श्यामपुर, श्री पुष्पेंद्र धाकड़ धामनी के नाम ऑनलाइन पोर्टल पर तत्काल सर्वे सूची में जोड़ने की कार्यवाही की गई।

इसके साथ ही गोपालपुरा निवासी श्री दिनेश आदिवासी को बताया कि पीएम जनमन योजना अंतर्गत स्वीकृत आवास की दूसरी क़िस्त ईएमएफएम पोर्टल पर डीबीटी न होने से नही मिलना प्रदर्शित कर रही है, इसलिए संबंधित बैंक में जा कर डीबीटी कराई जाए।

**दूसरे के खाते में गई क़िस्त की राशि वापस लाने के निर्देश**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने एसडीएम श्री अभिषेक मिश्रा एवं सीईओ जनपद श्री ऑफिसर सिंह गुर्जर को ग्राम पचन्या निवासी श्री मुनेश कुशवाह के आवेदन पर निर्देशित किया कि दूसरे के खाते में गई आवास की क़िस्त संबंधित को बुलाकर वापस कराने के लिए समझाईश दी जाए तथा राशि वापस नही करने की स्थिति में वैधानिक कार्यवाही की जाए। आवेदक ने बताया कि दो क़िस्त मिलने के बाद तीसरी क़िस्तकिसी अन्य के खाते में चली गई हैं और बस व्यक्ति क़िस्त नही लौटा रहा है,ऐसे में मकान का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है।

# मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजनान्तर्गत तीन दिवसीय मछुआ प्रशिक्षण आयोजित



**श्योपुर ब्यूरो।** मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना अंतर्गत तीन दिवसीय मछुआ प्रशिक्षण का आयोजन जिला पंचायत परिसर स्थित निषादराज भवन में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति कृषि स्थाई समिति, जिला पंचायत श्योपुर श्री गिरधारी लाल बैरवा द्वारा किया गया। जिलें में झींगा पालन मत्स्य कृषको को अधिक से अधिक लाभ देने के लिए म0प्र0 शासन द्वारा मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना लागू की गई है। जिसमें वित्तीय प्रावधान अनुदान सहायता के रूप में दिया जाता है, मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजनान्तर्गत समस्त वर्ग के आवेदको को पात्रता 40 प्रतिशत अनुदान के रूप में सहायता प्रदान की जाती है। जिसमें झींगा पालन मत्स्यबीज संवर्धन का कार्य, स्मार्ट फिश पार्लर निर्माण नगर पालिका एवं नगर पंचायत द्वारा किया जायेगा। जिससे हाइजीनिक कंडीशन दर पर ताजी मछली एवं सस्ता प्रोटीन उपलब्ध कराना है। योजनान्तर्गत 33 मछुओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण निषादराज सह मंगल भवन में गत 2 मार्च से 4 मार्च तक संपन्न हुआ। सहायक संचाकल मत्स्य श्री बीपी झसिया ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान विषय विशेषज्ञ व्याख्यता, आई.टी.एम विश्व विधालय ग्वालियर से श्रीमती तृप्ति द्वारा प्रथम दिवस के सत्र में झींगा पालन की गतिविधियों एवं मत्स्यबीज संवर्धन विषय से संबंधित जानकारिया दी गई। कृषि विज्ञान केन्द्र से आमंत्रित विषय विशेषज्ञ श्री लाखन सिंह गुर्जर एवं श्री चंद्रभान द्वारा झींगा पालन के रख रखाव, आहार तथा कृषि से संबंधित मत्स्य कृषकों को जानकारियों से लाभांवित किया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान मत्स्य निरीक्षक श्योपुर श्रीमती वंदना गोयल एवं मत्स्य निरीक्षक कराहल श्री कमल प्रताप द्वारा विभागीय जानकारी प्रदान की गई। झींगा पालन एवं मत्स्यबीज संवर्धन कार्य का लाभ तालाब पट्टा धारक, एनआरएलएम मछुआ समूह एवं समिति को प्राथमिकता के रूप में दिया जावेगा।

# जनजातीय देवलोक महोत्सव में श्योपुर के लहंगी नृत्य दल को मिला पुरस्कार



**श्योपुर ब्यूरो।** जनजातियों की संस्कृति के संरक्षण और उनके त्यौहार तथा पूजा आदि की विशेष परम्पराओं और व्यवस्था के संरक्षण के लिए मुख्यमंत्री निवास में मंगलवार 4 मार्च को आयोजित जनजातीय देवलोक महोत्सव में श्योपुर जिले के ग्राम टर्राकला के लहंगी नृत्य दल को प्रस्तुती के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य एवं आदिम जाति कल्याण मंत्री डॉ विजय शाह के विशिष्ट आतिथ्य में भोपाल में आयोजित उक्त कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण श्री लालजीराम मीणा के नेतृत्व में श्योपुर के 200 सदस्यीय जनजाति समुदाय के दल द्वारा भागीदारी की गई। इस अवसर पर सहरिया विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं राज्य मंत्री दर्जा श्री सीताराम आदिवासी भी कार्यक्रम में विशेष रूप से मौजूद रहें। सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण श्री लालजीराम मीणा ने बताया कि प्रदेश के 23 जिलो के चिन्हित जनजाति समुदाय के प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया गया, जिसमें श्योपुर के सहरिया आदिवासी समुदाय के लहंगी नृत्य दल ने आकर्षक प्रस्तुती प्रदान की गई। लहंगी नृत्य दल को आदिम जाति कल्याण मंत्री डॉ विजय शाह द्वारा 5 हजार रूपये का पुरस्कार प्रदान किया गया।

# 5 को ढोढर एवं 12 को विजयपुर में लगेंगा स्वास्थ्य शिविर

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ढोढर में 5 मार्च को तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विजयपुर में 12 मार्च को वृहद स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किये जा रहे है। इन शिविरो के माध्यम से रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा तथा आवश्यकतानुसार उनका स्वास्थ्य उपचार किया जायेगा। इसके साथ ही इन शिविरों के माध्यम से गंभीर किस्म की बीमारियों से पीडित रोगियों का चिन्हांकन हेतु मुरैना में 26 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित होने वाले विशाल स्वास्थ्य एवं उपचार शिविर के लिए स्क्रीनिंग की जायेगी। मुरैना में आयोजित शिविर में देश के प्रमुख अस्पतालों के वरिष्ठ चिकित्सक विशेषज्ञों द्वारा उपचार किया जावेगा। जिसमें गंभीर से गंभीर बीमारियों जैसे बच्चों के दिल में छेद, ऑखों की जांच एवं ऑपरेशन, महिलाओं की बीमारियॉ एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन, कटे-फटे होठों के ऑपरेशन, कटे हुए हाथ में नकली हाथ लगाना, कैंसर जैसी बीमारी, क्लब फुट, पित्त की थैली एवं गुर्दे की पथरी, जन्मजात विकृती का उपचार एवं ऑपरेशन किए जावेगें।

# जनजातीय देवलोक महोत्सव में शामिल होने गये दल को दिखाई हरी झंडी



**श्योपुर ब्यूरो।** जनजातियों की संस्कृति के संरक्षण और उनके त्यौहार तथा पूजा आदि की विशेष परम्पराओं और व्यवस्था के संरक्षण के लिए मुख्यमंत्री निवास में मंगलवार 4 मार्च को आयोजित जनजातीय देवलोक महोत्सव में श्योपुर का 200 सदस्यीय दल भी सहभागिता करेगा, उक्त दल को गत रात्रि कराहल से सहरिया विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं राज्य मंत्री दर्जा श्री सीताराम आदिवासी द्वारा हरी झंडी दिखाकर भोपाल के लिए रवाना किया गया। जनजातीय समुदायों के पटेल, पुजारा, प्रधान, पंच, सरपंच तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं आदि के विचारों को समाहित करने के उद्देश्य से देवलोक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# हायर सैकेण्डरी परीक्षा में 4242 परीक्षार्थी हुए शामिल

## अधिकारियों ने किया परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशन में श्योपुर जिले में 10वी एवं 12वी बोर्ड की परीक्षाएं शांतिपूर्ण तरीके से संचालित है। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार आज 12वी बोर्ड अंतर्गत 32 परीक्षा केन्द्रों पर 4242 परीक्षार्थियों ने अर्थशास्त्र, भौतिक शास्त्र, पशुपालन तथा विज्ञान के तत्व विषय की परीक्षा दी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा बोर्ड परीक्षाओं के निरीक्षण के लिए नियुक्त किये गये अधिकारियों द्वारा आज सभी 32 परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर परीक्षाओं का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर ने श्यामपुर एवं वीरपुर स्थित परीक्षा केन्द्रों का अवलोकन किया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री एमएल गर्ग ने बताया कि 12वी बोर्ड की परीक्षा में आज कुल 4 हजार 323 परीक्षार्थियों में से 4 हजार 242 परीक्षार्थी उपस्थित रहें तथा 81 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। अर्थशास्त्र में 601, भौतिक शास्त्र में 1587, पशुपालन विषय में 2054 परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा दी गई। विज्ञान के तत्व विषय के लिए एक विद्यार्थी द्वारा परीक्षा दी जानी थी, लेकिन वह अनुपस्थित रहा। अर्थशास्त्र में 08, भौतिक शास्त्र में 14, पशुपालन में 58 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें।

# वार्षिक चॉदमारी 5 से 6 मार्च तक, सूचना जारी

**श्योपुर ब्यूरो।** द्वितीय वाहिनी विसबल ग्वालियर एफ कम्पनी कैम्प श्योपुर एवं जिला पुलिस बल के अधिकारियो एवं कर्मचारियों की वार्षिक चॉदमारी फायरिंग रेंज करियादेह थाना कराहल में 5 मार्च से 6 मार्च तक आयोजित होगी। इस संबंध में आस-पास स्थित ग्रामों के ग्रामीणो को सूचना जारी की गई है कि वह फायरिंग रेन्ज की ओर ना जाये।

डिप्टी कलेक्टर श्री संजय जैन ने बताया कि चॉदमारी की सूचना इस आश्य के साथ एसडीएम कराहल श्री बीएस श्रीवास्तव को जारी की गई है कि करियादेह फायरिंग रेंज के आसपास बसने वाले ग्राम वासियों तथा मवेशी चराने वालों को इसकी जानकारी प्रदान की जायें तथा संबंधित क्षेत्र के पटवारियों, ग्राम पंचायत सचिवों, रोजगार सहायकों एवं कोटवारों को सूचित किया जाये, जिससे ग्रामवासी एवं पशु चराने वाले तथा जंगल में किसी कार्य से जाने वाले फायरिंग रेंज की ओर न जायें। फायरिंग रेंज के आसपास के क्षेत्र में सभी को सूचित करने हेतु सूचना जारी की गई है।

# प्रदेश स्तरीय ओपन विशेष भर्ती अभियान का आयोजन एमजेएस. कॉलेज में हुआ सम्पन्न



**भिण्ड ब्यूरो।** प्राचार्य एम.जे.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जिला भिण्ड (म.प्र.) प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन भोपाल के निर्देशानुसार संभागीय कार्यालय स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना रीवा संभाग रीवा एवं डी. एम. सी. फिनिशिंग स्कूल प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित प्रदेश स्तरीय ओपन विशेष भर्ती अभियान का आयोजन प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस एम.जे.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिंड में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं जिला रोजगार कार्यालय भिण्ड के सहयोग से महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर. ए. शर्मा के मार्गदर्शन और निर्देशन में किया गया। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के चरणों में पुष्प अर्पित और दीप प्रज्वलित कर किया गया इसके पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.ए. शर्मा, जन संपर्क अधिकारी भिंड, जिला रोजगार अधिकारी डॉ. उपेंद्र शर्मा, और बाह्य कंपनी के साक्षात्कार अधिकारी माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। महाविद्यालय की स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. आशीष गुप्ता ने बताया कि वह प्रदेश स्तरीय ओपन विशेष भर्ती अभियान हेतु डी.एम.एफ.सी.एस पुणे महिंद्रा ऐंड महिंद्रा एम. आर. एफ कंपनी के प्रतिनिधि साक्षात्कार के माध्यम से एवं शिरवल महाराष्ट्र मानाबुकी/अनअकैडमी ऑनलाइन युवाओं का साक्षात्कार लेंगी। मुख्य अतिथि सहायक जनसंपर्क अधिकारी श्री पुष्पराज सिंह में युवाओं को करियर मेला के माध्यम से रोजगार हेतु प्रोत्साहित किया उन्होंने कहा कि लगातार मेहनत करके अपने लक्ष्य को पाया जा सकता है शुरुआत में प्रत्येक जॉब में कठिनाई होती है परंतु जैसे-जैसे हम उसमें आगे बढ़ते जाते हैं हमें अनुभव और परिश्रम के माध्यम से अपने सुनहरे भविष्य का स्वप्न साकार कर सकते है। जिला रोजगार अधिकारी श्री उपेंद्र शर्मा जी ने बताया कि आज का युवा यदि अपनी मेहनत लगन ईमानदारी से अपने कार्य को अंजाम दे तो विकसित भारत का स्वप्न साकार किया जा सकता है आज का युवा आपदा को अवसर में बदलने की सामर्थ रखता है। डी.एम.एफ.सी.एस पुणे कंपनी के प्रतिनिधि श्री दीपांशु ने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर रोजगार के अवसर प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि यदि आपमें हुनर और क्षमता है तो आप अपनी कर्तव्य निष्ठा, ईमानदारी से रोजगार पा सकते हैं। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर.ए.शर्मा ने कार्यक्रम के लिए मध्य प्रदेश शासन का आभार व्यक्त किया को कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों की मल्टी डाइमेंशनल ग्रोथ के लिए अति आवश्यक है विद्यार्थियों का चयन होना हमारे महाविद्यालय के लिए सफल अनुभूति है इस प्रदेश स्तरीय ओपन विशेष भर्ती अभियान के माध्यम से आज भिंड शहर के युवा रोजगार प्राप्त करेंगे यह हमारे महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है। इस प्रदेश स्तरीय ओपन विशेष भर्ती अभियान अंतर्गत करियर मेला में लगभग 952 विद्यार्थियों का पंजीयन हुआ।

कार्यक्रम में कुल चार कंपनियों की प्रतिनिधि उपस्थित रहे डी. एफ. सी. एफ. एस. पुणे - 15 महिंद्रा ऐंड महिंद्रा - 60 एम. आर.एफ-65 एवं शिर वल महाराष्ट्र मानाबुकी/अनअकैडमी -17 में कुल 157 विद्यार्थियों का चयन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.अभिषेक यादव, प्रो. मोहित कुमार दुबे, डॉ. आरती शर्मा, ने किया एवं आभार प्रदर्शन स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ आशीष गुप्ता ने किया कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

# सीईओ ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

**दतिया।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अक्षय कुमार तेम्रवाल ने आज जिले में चल रही बोर्ड परीक्षाओं के लिए बनाए गए विभिन्न सेंटर सिविल लाईन स्कूल न. 1, महामाय पीटी पटेल स्कूल बुंदेला कॉलोनी, सरस्वती स्कूल बुंदेला कालोनी, उदगवां सीए राईज स्कूल का निरीक्षण कर व्यवस्थाऐं देखी। उन्होंने परीक्षार्थियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं नकल रोकने के सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर श्री तेम्रवाल ने सिविल लाईन स्कूल न. 1, महामाय पीटी पटेल स्कूल बुंदेला कॉलोनी, सरस्वती स्कूल बुंदेला कालोनी, उदगवां सीए राईज स्कूल सहित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर वहां चल रही परीक्षा का निरीक्षण भी किया। 10वी एवं 12वी की बोर्ड परीक्षा प्रारंभ हो चुकी है। आज कक्षा 12वी का तीसरा पेपर था जो कि भौतिक एवं अन्य विषय का था। जिले में 37 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है।

# नेषनल लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च को होगा

**दतिया।** जिला विधिक सहायता अधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय दतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च को किया जा रहा है। जिसमें प्रीलिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) तथा न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के अधिक से अधिक संख्या में निराकरा करने हेतु नियमानुसार छूट संबधी दिशा निर्देश जारी किए गए है। राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए 8 मार्च 2025 शनिवार को होने वाले नेशनल लोक अदालत में लंबित प्रकरणों में निम्न दाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू, 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट की जाएगी।

# शांति समिति की बैठक आज

**दतिया।** अपर जिला मजिस्ट्रेट श्री नीरज शर्मा ने बताया कि 13 मार्च को होलिका दहन एवं 30 मार्च को चैत्र नवरात्रि पर्व प्रारंभ तथा 31 मार्च 2025 को ईद उल फित्तर त्यौहार मनाया जाएगा। इन त्यौहारों को शांति एवं सदभावना पूर्व मनाए जाने हेतु आज 5 मार्च 2025 को कलेक्टर श्री संदीप कुमार माकिन की अध्यक्षता में सायं 5 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित होगी।

# ऋण मुक्ति षिविर का आयोजन 7 मार्च को

**दतिया।** जिला अग्रणी प्रबंधक श्री शम्भू सिंह रघुवंशी ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक के द्वारा एक विशाल ऋष्ण मुक्ति शिविर का आयोजन दतिया चुंगी के पास स्थित ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान में 07 मार्च 2025 को किया जा रहा है। इस कैम्प को पंजाब नेशनल बैंक के प्रधान कार्यालय और मण्डल कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। इस ऋष्ण मुक्ति शिविर का लाभ उठाने के इच्छुक आवेदक इस शिविर में उपस्थित होकर लाभ उठा सकते है या शाखा में संपर्क कर सकते है।

# प्रभारी अपर कलेक्टर ने आवेदनों पर की जनसुनवाई

**दतिया।** प्रभारी अपर कलेक्टर श्री नीरज शर्मा ने आज न्यू कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जनसुनवाई में आए हुए आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। आज जनसुनवाई में ज्यादातर वृद्वापेशन, बीपीएल, तथा अन्य संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। इसी प्रकार अपर कलेक्टर श्री शर्मा ने अन्य संबधित विभागों के आवेदनों पर भी जनसुनवाई की। जिस पर संबधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए गए।

# रेत माफियाओं की मंशा पर लहार एसडीएम ने एक बार फिर फेरा पानी

## रौन थाना क्षेत्र के लारोल गांव से लाखों की डंप रेत की जप्त



**भिण्ड ब्यूरो।** मंगलवार को एक बार फिर एसडीएम लहार विजय यादव ने जिले के ईमानदार मेहनती जिलाधीश संजीव कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में रौन थाना क्षेत्र के मछंड चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम लारौल से लाखों रुपए की अवैध रूप से की गई डंप रेत जप्त कर ली इस मौके पर थाना प्रभारी रौन आशुतोष शर्मा,तहसीलदार रौन श्रीनिवास शर्मा एवं चौकी प्रभारी मछंड रविंद्र तोमर मय बल के मौजूद रहे रेत माफियाओं ने इधर उधर मुंह मारा पर उनकी एक न चली और एसडीएम महोदय ने उनके मंसूबों को नष्ट नाबूत करते हुए डंप सील कर उसे सुरक्षार्थ अन्यत्र जगह भिजवाने का आदेश दिया जो बड़े ही तन्मयता से जारी है सुबह से सील डंप की सिप्टिंग का कार्य थाना प्रभारी एवं पुलिस बल की मौजूदगी में किया जा रहा है ये कार्यवाही से रेत माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है और बो भूमिगत होते दिखाई दे रहे है।

**सुनिए क्या बोले अधिकारी**

हमें मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी लारोल गाओ में पुल के पास रेत माफियाओं के द्वारा लाखों का डंप छुपाकर रखा गया है जो कभी भी उत्तर प्रदेश भेजा जा सकता है जिस पर तुरत कार्यवाही करते हुए आज उस डंप को भरवाने की कार्यवाही की जा रही है आगे रेत माफियाओं को चिन्हित कर उनपर भी कार्यवाही की जाएगी और उनसे राजस्व बसूला जायेगा ।

**विजय यादव एसडीएम लहार**

# जिले के 4 पेट्रोल पंपों पर 7 शक्ति दीदियाँ संभालेंगीं फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी

### कलेक्टर एवं एसपी की उपस्थिति में डबरा, भितरवार, ग्वालियर एवं निरावली पेट्रोल पंपों पर शक्ति दीदी करेंगीं कार्य प्रारंभ, जिले में वर्तमान में 14 पेट्रोल पंपों पर 19 शक्ति दीदियां संभाल रही हैं जिम्मेदारी

**ग्वालियर।** ग्वालियर जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप महिला सशक्तिकरण की दिशा में ÷शक्ति दीदी÷ के नाम से प्रेरणादायी पहल हुई है। इस पहल के तहत जरूरतमंद महिलाओं को पेट्रोल पंपों पर फ्यूल डिलेवरी वर्कर के रूप में जिला प्रशासन द्वारा नौकरी दिलाई जा रही है। बुधवार 5 मार्च को ÷शक्ति दीदी÷ पहल के तहत 7 जरूरतमंद महिलाओं को फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी मिलने जा रही है। ज्ञात हो शक्ति दीदी के तहत पहले से ही शहर में 19 महिलाएं यह भूमिका सफलतापूर्वक निभा रही हैं। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह सहित जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी विभिन्न पेट्रोल पंपों पर पहुँचकर महिलाओं को ÷शक्ति दीदी÷ के रूप में फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी दिलायेंगे। महिला फ्यूल वर्कर के रूप में तैनात शक्ति दीदी की ड्यूटी की अवधि प्रातः 9 बजे से सायंकाल 5 बजे तक रहेगी। कलेक्टर श्रीमती चौहान 5 मार्च को ‹स्रद्धश्ष जय बालाजी फ्यूल्स वार्ड-1 घाटमपुर नगर भितरवार पर सुश्री मुस्कान साहू व सुश्री करिश्मा रावत एवं श्रीराम फिलिंग स्टेशन वार्ड-8 न्यू डबरा बायपास डबरा पर सुश्री कशिश साहू को फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी सौंपेंगीं। इसी तरह मोतीझील ऑटो सर्विस मोतीझील पर संयुक्त कलेक्टर श्री संजीव जैन सुश्री संगीता शाक्य को तथा परसेडिया फिलिंग स्टेशन निरावली रायरू पर एसडीएम श्री अतुल सिंह सुश्री रचना व सुश्री संगीता रावत को ÷शक्ति दीदी÷ के तहत फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी सौंपेंगे।

# महिलाओं ने साडी पहन दागे गोल, रिसाइकिल क्वीन्स टीम रही विजयी

### रैंप पर कैटवॉक कर दिया स्वच्छता का संदेश, महापौर डॉ. सिकरवार ने दिलाई स्वच्छता की शपथ, बैजाताल पर 'गोल इन साड़ी 2025' महिला फ्रेंडली फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



**ग्वालियर।** नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल बैजाताल में गोल इन साडी 2025 का आयोजन किया गया। जहां महिलाएं साड़ी में फुटबॉल खेलती नजर आई और साडी पहनकर रोमांचक खेल का प्रदर्शन करते हुए गोल दागे। जिसमें रिसाइकिल बिन क्वीन टीम विजयी रही। इस अवसर पर महापौर डॉ. शोभा सतीश सिंह सिकरवार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुंवर, नेता प्रतिपक्ष श्री हरिपाल, एमआईसी सदस्य श्रीमती गायत्री सुधीर मंडेलिया, पार्षद श्री संजीव पोतनीस श्री प्रमोद खरे, जनप्रतिनिधि श्री अजय तिवारी, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, अपर आयुक्त श्री विजय राज आदि उपस्थित रहे। बैजाताल पर आयोजित कार्यक्रम में महापौर डॉ. शोभा सतीश सिंह सिकरवार ने कहा कि इस बार हमें शहर को स्वच्छता में अव्वल स्थान पर लाना है इसके लिए सभी शहर वासियों का सहयोग जरूरी है। स्वच्छता एक दिन की बात नहीं है यह प्रतिदिन का कार्य है। घरों से निकलने वाले गीले व सूखे कचरे को अलग अलग डस्टबिन में कचरा वाहन में ही डालें तथा सभी शहरवासी शहर में स्वच्छता को लेकर फीडबैक भी जरूर दें। महापौर डॉ. सिकरवार ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। बैजाताल पर आयोजित गोल इन साडी 2025 में दो टीमों ने भाग लिया बायोडिग्रेडेबल एवं रिसाइकिल क्वीन्स टीम की महिलाओं ने फुटबॉल मैच खेला। जिसमें दोनो टीमों ने एक भी गोल नहीं करने पर पेनल्टी सूट आउट में बायोडिग्रेडेबल टीम ने एक गोल किया तथा रिसाइकिल क्वीन्स ने दो गोल कर मैच को जीता। इसके उपरांत छोटे-छोटे बच्चे ने स्वच्छता वॉक कर स्वच्छता का संदेश दिया तथा दोनो टीमों की महिलाओं ने भी स्वच्छता वॉक कर स्वच्छता का संदेश दिया एवं श्री रोहित उपाध्याय जो निरंतर ग्वालियर मैं पौधारोपण कर ग्वालियर को हरा-भरा बना रहे है उनके द्वारा सभी उपस्थित महिलाओं कों पौधे भेंट किए तथा स्वच्छता के लिए निरंतर कार्य कर रही नम्रता सक्सेना कपड़े से बने थैलें सभी को वितरित किए और अंकिता कलसिया जिनकी आवाज कचड़े की गाड़ी मैं स्वच्छता गान सुनते है उन्होंने स्वच्छता गान की प्रस्तुति दी। साथ ही स्वच्छता मैं विशेष योगदान करने वाले समाजसेवी और संस्थाओं को सम्मानित किया गया तथा सभी ने ग्वालियर को स्वच्छता में नम्बर 01 पर लाने के लिए सिटीजन फीडबैक भी दिया। इस अवसर पर आईईसी सेल के नोडल श्री मुकेश बंसल एवं खेल अधिकारी श्री सत्यपाल सिंह चौहान, सहायक नोडल खेल अधिकारी सुश्री विजेता सिंह चौहान, श्री अयोध्या शरण शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# निगमायुक्त ने सुनी आमजन की समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश

### क्षेत्रीय कार्यालयों पर भी सुनी गई समस्याएं



**ग्वालियर।** जनसुनवाई में आने वाली समस्याओं का निराकरण गंभीरता के साथ संतुष्टिपूर्ण करें। जिससे आवेदक को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए बार बार जनसुनवाई के चक्कर न लगाने पडें। उक्ताशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने संबंधित अधिकारियों को जनसुनवाई में दिए। जनसुनवाई में अपर आयुक्त श्री विजय राज, श्री अनिल दुबे, अपर आयुक्त वित्त श्रीमती रजनी शुक्ला, उपायुक्त डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सिटीसेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई में वार्ड 14 लवकुश विहार कॉलोनी सेवानगर के समस्त निवासी गणों ने आवेदन देते हुए बताया कि कॉलोनी के आम रास्ते पर भवन निर्माण किए जाने से निकलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। आवेदकों ने उचित कार्रवाई के संबंध में, वार्ड 01 लक्ष्मीपुरम कॉलोनी बहोडापुर के समस्त कॉलोनी वासियों ने आवेदन देते हुए अवगत कराया कि लक्ष्मीपुरम कॉलोनी में सीवर का पानी सडक पर फैल रहा है। जिस कारण गंदगी फैल रही है आवेदकों ने उचित कार्यवाही के संबंध सहित अनेक समस्याओं के आवेदन आवेदकों ने निगमायुक्त को दिये। निगमायुक्त ने सुनवाई करते हुए कुछ समस्याओं का निराकरण त्वरित करते हुए बांकी समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही जनसुनवाई में पेयजल, अतिक्रमण, सफाई, विद्युत, आवास, सीवर सफाई, नामांतरण आदि से संबंधित 18 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश निगमायुक्त ने दिए।

**क्षेत्रीय कार्यालयों पर सुनी आमजन की समस्याएं**

शहर के नागरिकों को छोटी-छोटी समस्याओं के निराकरण के लिए निगम मुख्यालय पर न आना पडे। इसके लिए नगर निगम के सभी 25 क्षेत्रीय कार्यालयों पर जनसुनवाई की गई। जिसमें सभी क्षेत्रीय कार्यालयों पर आमजनों की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित निराकरण किया गया।

# स्कूल संचालकों/प्रकाशकों एवं विक्रेताओं की एकाधिकारी प्रवृत्ति को खत्म करने हेतु जिला दण्डाधिकारी ने किया प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**ग्वालियर।** जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 (1) (2) के तहत स्कूल संचालकों, प्रकाशकों एवं विक्रेताओं की एकाधिकारी प्रवृत्ति को खत्म करने तथा लोक प्रशांति विक्षुब्ध होने से रोकने के लिये प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने अपने आदेश में कहा है कि मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों पर विनियमन) अधिनियम 1917 के नियम 2020 के अनुसार निजी विद्यालय प्रबंधक द्वारा विद्यालय प्रवेश प्रारंभ की तिथि एवं प्रक्रिया, विद्यालय के उपयोग में लाए जाने वाली पाठ्यपुस्तकें, स्टेशनरी, पठन सामग्री, बैग, यूनीफॉर्म, स्पोर्ट्स किट, ट्रांसपोर्ट सुविधा, फीस अथवा परीक्षा या परोक्ष एवं अपरोक्ष रूप से संग्रहित की जाने वाली धनराशि का विवरण विद्यालय के नोटिस बोर्ड अथवा आधिकारित वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाना प्रावधानित है। ऐसे विद्यालय संचालक, प्राचार्य जिन्होंने उक्त जानकारी वेबसाइट पर नहीं डाली है, ऐसे विद्यालय 8 मार्च 2025 तक अनिवार्य रूप से ऐसी सूची अपने विद्यालय की वेबसाइट पर अनिवार्य रूप से अपलोड करेंगे तथा विद्यालय परिसर में सार्वजनिक पटल स्थल पर चस्पा करेंगे। मान्यता नियमों के अंतर्गत स्कूल की स्वयं की वेबसाइट होना अनिवार्य है। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि विद्यालय संचालक/प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को पुस्तकें एवं कॉपियां, सम्पूर्ण यूनीफार्म आदि संबंधित स्कूल/संस्था अथवा किसी एक दुकान विक्रेता, संस्था विशेष से क्रय किए जाने हेतु बाध्य नहीं करेंगे। इसके साथ ही विद्यालय संचालक प्राचार्य विद्यार्थी एवं उनके अभिभावकों को सूचीबद्ध पुस्तकें परीक्षा परिणाम अथवा उनके पूर्व क्रय हेतु बाध्य नहीं करेंगे। समस्त विद्यालय पाठ्यक्रम के संबंध में नियामक संस्था/बोर्ड (सीबीएसई, आईसीएसई, एमपीबीएसई) आदि के द्वारा जारी निर्देशों का पालन करेंगे। विद्यालय संचालकों द्वारा पुस्तकों के सेट की कीमत बढ़ाने हेतु अनावश्यक सामग्री कोई निश्चित या ब्रांडेड स्कूल बैग, बोतल, पेन, पेंसिल, स्टेशनरी आदि जो निर्धारित पाठ्यक्रम से संबंधित नहीं है उसे क्रय करने हेतु बाध्य नहीं करेंगे। कोई भी विक्रेता किसी भी कक्षा के पूरे सेट को क्रय करने की बाध्यता नहीं रखेगा। विद्यालय प्रशासन शिक्षा का अधिकार अधिनियम में निर्धारित नियमानुसार यूनीफॉर्म का निर्धारण करेगी तथा एक बार निर्धारित यूनीफॉर्म को तीन वर्ष से कम समयावधि में परिवर्तित नहीं किया जायेगा। जिला दण्डाधिकारी द्वारा उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू करते हुए कहा है कि इसका उल्लंघन करने वाले व्यक्ति, संस्था, पुस्तक स्टेशनरी विक्रेता आदि के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा-223 एवं अन्य सुसंगत अधिनियमों के अंतर्गत कार्रवाई की जा सकेगी। विद्यालय द्वारा उक्त आदेश की अवहेलना किए जाने पर शाला के प्राचार्य/संचालक के साथ ही शाला प्रबंधक बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के समस्त सदस्य दोषी होंगे। यह आदेश 4 मार्च से 3 मई 2025 तक की अवधि में प्रभावशील रहेगा। उक्त आदेश विद्यालय के प्राचार्य, प्रबंधक की प्रथम बैठक में स्वविस्तार रखना सुनिश्चित करें। इस आदेश के तारतम्य में विशेष परिस्थितियों में अनुमति अधोहस्ताक्षरकर्ता से ली जा सकेगी।

# कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने अपने कार्यालय से ई-ऑफिस प्रणाली की प्रारंभ

### सभी जिला अधिकारियों को अपनी फाइलें ई-ऑफिस के तहत भेजने के दिए निर्देश



**ग्वालियर।** प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप प्रदेश के सभी कार्यालयों को ई-ऑफिस कार्य प्रणाली के तहत कार्य प्रारंभ करना हैं। ग्वालियर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने मंगलवार को अपने कार्यालय में ई-ऑफिस कार्य प्रणाली के माध्यम से फाइल मूमेंट प्रारंभ कर दिया है। इसके साथ ही सभी अधिकारियों को भी ई-ऑफिस के माध्यम से अपनी फाइलें भेजने के दिशा-निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने मंगलवार को अपने कार्यालय से ई-ऑफिस कार्य प्रणाली के माध्यम से फाइलों का मूमेंट प्रारंभ कर सभी जिला अधिकारियों से अपेक्षा की है कि वे अपने-अपने ऑफिस की फाइलें ई-ऑफिस के माध्यम से ही प्रस्तुत करें। उन्होंने जिला अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि एनआईसी ऑफिस में डिजिटल हस्ताक्षर, ईमेल निर्मित करने की कार्रवाई भी यथाशीघ्र करें ताकि ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने यह भी निर्देशित किया है कि प्रारंभिक चरण में छुट्टी के आवेदन एवं अन्य छोटे-छोटे प्रकरणों को ई-ऑफिस के माध्यम से प्रस्तुत किया जाए। अगले चरण में सभी फाइलों का क्रियान्वयन ई-कार्यालय के माध्यम से ही किया जायेगा। उन्होंने एनआईसी के अधिकारियों के साथ ई-फाइलिंग के संबंध में विस्तार से जानकारी दी और विभागीय अधिकारियों को भी विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने बताया कि ई-ऑफिस लागू करने की मंशा है कि शासकीय प्रक्रिया एवं सेवा प्रदान करने में प्रभावशीलता, उत्तरदायित्व और पारदर्शिता लाना है। इसके माध्यम से नस्तियों की मॉनीटरिंग भी और बेहतर होगी। किसी भी फाइल को देखने में कम से कम समय लगेगा और फाइलों के खोने की संभावना भी नहीं रहेंगीं। साथ ही कागज का कम उपयोग पर्यावरण संरक्षण के लिये भी महत्वपूर्ण है।

# जन-सुनवाई में आने वाले आवेदन पत्रों का निराकरण तत्परता से हो : कलेक्टर श्रीमती चौहान

### कलेक्टर ने अपने कक्ष में सुनी आम जनों की समस्यायें



**ग्वालियर।** आम जनों की समस्याओं के निराकरण के लिये प्रदेश भर में प्रत्येक मंगलवार को जन-सुनवाई का आयोजन किया जाता है। इसके माध्यम से आम जनों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कलेक्टर एवं अन्य विभागीय अधिकारी जन-सुनवाई कक्ष में प्रातः 11 बजे से दोपहर एक बजे तक उपस्थित रहकर कर रहे हैं। मंगलवार 4 मार्च को जन-सुनवाई कक्ष में बड़ी संख्या में आम जनों की समस्याओं को अधिकारियों ने गंभीरता से सुना और उसका निराकरण भी किया। जन-सुनवाई के उपरांत भी कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने अपने कक्ष में आम जनों से भेंट कर उनकी समस्यायें सुनीं और मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि जन-सुनवाई में आने वाले सभी आवेदन पत्रों को सीएम हैल्पलाइन में भी दर्ज किया जाए ताकि उनका निराकरण भी निर्धारित समय-सीमा में हो सके। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि जिन आवेदनों का निराकरण मौके पर ही संभव हो उनका निराकरण तत्परता से किया जाए। जिन आवेदन पत्रों में मौके पर निराकरण संभव न हो, उनमें समय-सीमा निर्धारित कर निराकरण किया जाए। लोक सेवा गारंटी के तहत निर्धारित समय-सीमा में आवेदन प्रकरणों का निराकरण हो यह भी विभागीय अधिकारी सुनिश्चित करें। आवेदन पत्रों के निराकरण में अकारण विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी।

# ग्वालियर पुलिस का महिला व साइबर जागरूकता अभियान

### महिला पुलिस टीम द्वारा ''विजया राजे कन्या महाविद्यालय'' की छात्राओं को महिला एवं साइबर संबंधी अपराधों के प्रति किया जागरूक

**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह(भापुसे) के निर्देश तथा अति. पुलिस अधीक्षक शहर(मध्य) श्रीमती सुमन गुर्जर के मार्गदर्शन में डीएसपी महिला सुरक्षा ग्वालियर श्रीमती किरण अहिरवार के द्वारा ग्वालियर जिले के विभिन्न स्कूलों, शैक्षणिक संस्थानों व सार्वजनिक स्थानों पर महिला जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत आज दिनांक 04.03.2025 को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर विजया राजे कन्या महाविद्यालय मुरार में अध्यनरत छात्राओं को महिला सुरक्षा एवं नवीन महिला संबंधी अपराधों तथा सायबर अपराधों के संबंध में डीएसपी महिला सुरक्षा ग्वालियर श्रीमती किरण अहिरवार, महिला थाना प्रभारी निरी0 दीप्ती तोमर, प्रभारी साइबर सेल ग्वालियर उनि0 रजनी रघुवंशी द्वारा जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर छात्राओं के अलावा कॉलेज स्टाफ भी उपस्थित रहा। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार डीएसपी महिला सुरक्षा ग्वालियर श्रीमती किरण अहिरवार द्वारा विजया राजे कन्या महाविद्यालय मुरार में अध्यनरत छात्राओं को महिला सुरक्षा एवं नवीन महिला संबंधी अपराधों के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया तथा उन्हे मध्यप्रदेश पुलिस की डायल 100/112 सेवा, 1090 महिला हेल्पलाइन व 1930 साइबर हेल्प लाइन से भी अवगत कराया गया और उपस्थित छात्राओं को बताया गया कि किसी भी आपात स्थित में डरे नही और न ही किसी घटना को छुपायें।

आपके साथ कोई भी घटना होने पर तत्काल अपने मात-पिता और पुलिस को सूचित करें। महिला थाना प्रभारी निरी0 दीप्ती तोमर द्वारा उपस्थित छात्राओं को बेटी की पेटी के संबंध में अवगत कराया गया कि वह किस प्रकार अपनी शिकायत पेटी में डाल सकती हैं। इस अवसर पर साइबर सेल प्रभारी उनि0 रजनी रघुवंशी द्वारा छात्राओं को आजकल हो रहे सायबर संबंधी अपराधों के संबंध में जानकारी देकर उनसे बचाव के संबंध में भी जानकारी दी गई। उनके द्वारा छात्राओं को मोबाइल के दुरूपयोग तथा सायबर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, पॉलिसी फ्रॉड, गेम फ्रॉड के संबंध में अवगत कराया गया तथा समझाया गया कि आप सभी ऐसे फ्रॉडों से सावधान रहें और अपने परिचितों को भी इस संबंध में जागरूक करें। ग्वालियर पुलिस द्वारा स्कूल व कॉलेजों में लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

# एम.पी. ट्रांस्को में मनाया गया राष्ट्रीय लाइनमैन दिवस, लाइनमैन किये गये सम्मानित



**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश में विषम परिस्थितियों में भी भरोसेमंद विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित रखने वाले पावर सेक्टर की महत्वपूर्ण कड़ी लाइनमैन के योगदान को मान्यता देकर आदर-भावना प्रकट करने मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांस्को) में 04 मार्च को राष्ट्रीय लाइनमैन एवं राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया। इसके तहत ग्वालियर सहित एम.पी. ट्रांस्को के 40 ट्रांसमिशन लाइन मेंनटेनेंस कार्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर प्रदेश के लाइनमैनों को सम्मानित किया गया एवं सभी ने जीरो हार्म थीम पर सुरक्षा शपथ ली और प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी के संदेश का वाचन किया गया। टी.एल.एम. मुख्यालय ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रम में एम.पी. ट्रांस्को के मुख्य अभियंता श्री दिनेश शाक्यवार की उपस्थिति में लाइनमैनों को सम्मानित किया गया। चुनौतियों को सहज भाव से स्वीकार करते हैं ट्रांसको के मैदानी कर्मचारी - एम.डी. इंजी. सुनील तिवारी राष्ट्रीय लाइनमैन एवं राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर अपने संदेश में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक इंजीनियर सुनील तिवारी ने कहा कि संपूर्ण प्रदेश में एम.पी. ट्रांसको की ट्रांसमिशन लाइनों के देखरेख के लिये लाइन मेंटेनेन्स कर्मी 24ङ्ग7 सजगता से अपना कार्य निष्पादित करते हैं। इंजी. सुनील तिवारी ने कहा कि पूरे प्रदेश में सतत् रूप से निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित रखने का परिणाम है कि म.प्र. पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी देश की सर्वश्रेष्ठ कंपनियों में से एक बनी हुई है। उन्होंने इन उपलब्धियों का श्रेय ट्रांसमिशन कार्मिकों को देते हुये उन्हें प्रथम पंक्ति में रखा और कहा कि संपूर्ण मनोयोग से जटिल भौगोलिक एवं विपरीत जलवायु परिस्थितियों की चुनौतियों को सहज भाव से स्वीकार करते हुए हमारे मैदानी कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं।

# 28 मई से सुरु होगी भव्य 1000 हजार भागवत सप्ता यज्ञ



**भिण्ड ब्यूरो।** भूमिया सरकार धाम मेहगांव पर 28 मई से सुरु होगा भव्य 1000 हजार सप्ता यज्ञ का आयोजन सुप्रसिद्ध कथा वाचक देवी चित्रलेखा जी के मुखारविंद से समूचे भिंड जिले के श्रोताओं को कथा श्रवण कराई जाएगी मुख्य आयोजक महामंडलेश्वर श्री हरिओम दास महाराज के सानिध्य में कथा का भव्य आयोजन होने जा रहा आज सुप्रसिद्ध कथा वाचक देवी चित्रलेखा होण्डल हरियाणा में देवी जी के आश्रम पर मेहगांव में भूमिया सरकार धाम पर 28 मई से होने बाली कथा के शुभ आयोजन के लिये खनेता धाम सरकार महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री रामभूसण दास जी महाराज एवं भूमिया सरकार महामंडलेश्वर श्री हरिओम दास जी महाराज भूमिया सरकार के बड़े महंत श्री भगवती दास जी महाराज ने अपने भक्तों के साथ श्रीफल नारीयल भेंट किया।

# ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई 6 मार्च को होगी आयोजित

**धौलपुर ब्यूरो।** त्रि-स्तरीय जनसुनवाई एवं परिवेदनाओं के निस्तारण के संबंध में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन 6 मार्च गुरुवार को प्रातः 11 बजे से किया जायेगा। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी द्वारा ग्राम पंचायत मत्सूरा, बाड़ी की जनसुनवाई में भाग लिया जायेगा।

# मृतक आश्रित टंकण परीक्षा का परिणाम जारी

**धौलपुर ब्यूरो।** मृतक आश्रित अनुकम्पा नियुक्ति प्राप्त कनिष्ठ सहायकों की टंकण परीक्षा 7 फरवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक 2 पारियों में राजकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित की गई थी जिसमें 13 कनिष्ठ सहायक उपस्थित हुए। टंकण परीक्षा का परिणाम व ` ब स ा इ ट www.dholpur.rajasthan.gov.in पर जारी कर दिया गया है। उत्तीर्ण कनिष्ठ सहायक अपना प्रमाण पत्र जिला कलक्टर कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

# इन स्थानों पर आज विद्युत प्रवाह बंद रहेगा

**शिवपुरी ब्यूरो।** विद्युत विभाग की 5 प्रतिशत सुपरविजन योजना अंतर्गत पोल स्थापित कार्य कराये जाने के कारण 33/11 बाणगंगा उपकेन्द्र अंतर्गत आने वाले 11 के.व्ही.विष्णुमंदिर फीडर पर 05 मार्च को विद्युत सप्लाई बंद

# मानवाधिकार कमिटी ने गरीबों को वस्त्र वितरित किए



**मुरैना,कांस।** दिनांक 03.03.2025 सोमवार को कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता के सौजन्य से बानमोर तहसील के बामौर गांव में बसे 120 नाथों को बानमोर थाना में मुख्य अतिथि श्रीमती बिन्दु परमार जी एस.डी.ओ.पी. तह. बामौर एवं विशिष्ट अतिथि श्री अमित भदौरिया थाना प्रभारी बानमोर तहसील के द्वारा एवं समिति के सदस्यों द्वारा गर्म एवं नवीन वस्त्रों का वितरण किया गया। जिसमें समिति के निम्न सदस्य उपस्थित थे, श्री करतार गौड़ सेकेण्ट्री म.प्र., रामबरन शर्मा उप राज्य कोषाध्यक्ष, धर्मेन्द्र शर्मा, गोविन्द डण्डौतिया, सतीश गौड़, जितेन्द्र कुमार गौड, शिवकुमार शर्मा, रामगोपाल भारद्वाज, सुनील कुमार गर्ग, पूरन गुप्ता, रणीवर गुर्जर ब्लॉक स्तर के सभी सदस्य उपस्थित थे ।

## संपादकीय

# एकता का महायज्ञ संपन्न

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रयागराज में सपन्न हुए महाकुंभ को युग परिवर्तन की आहट बताया और विकसित भारत का संदेश बताया। उन्होंने महाकुंभ समागम की तुलना गुलामी की मानसिकता की बेड़ियों को तोड़कर आजादी से संस ले रहे राष्ट्र की नवजागृत चेतना से की। समापन के एक दिन बाद मोदी ने ब्लाग में लिखा, महाकुंभ संपन्न हो गया। एकता का महायज्ञ संपन्न हो गया। भारत अब नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। यह युग परिवर्तन का संकेत है। जो भारत के लिए नया भविष्य लिखेगा। उप्र सरकार के अनुसार 13 जनवरी को शुरू हुए महाकुंभ में 65 करोड़ लोगों ने संगम में डुबकी लगाई। उधर राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों पर निशाना लगाते हुए कहा, दुनिया में कहीं भी इतना विशाल समागम नहीं हुआ। स्वच्छता व स्वास्थ्य कर्मियों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा लूटपाट, अपहरण, छेड़छाड़ व दुष्कर्म की ऐसी कोई घटना नहीं हुई, जो विरोधियों को दूरबीन या माइक्रोस्कोप से देखने को मिलती। इसमें कोई संदेह नहीं कि सरकार के अनुमान से कहीं अधिक संख्या में लोग प्रयागराज पहुंचे। जितना जन सैलाब था, उसके अनुपात में असुविधाओं या समस्याओं का खड़ा न होना, अपने आपमें बड़ा आश्चर्य है। हालांकि भगदड़ की मौतों के आंकड़े छिपाने और अपनों की तलाश में भटकने वालों की जानते-बूझते अनदेखी की गई। सीमित साधनों के चलते स्थानीय नागरिकों को रोजाना की चीजों व नियमित कार्य/पढ़ाई व नौकरीपेशा लोगों को हुई दिक्कतों की किसी ने फिक्र ही नहीं की। हालांकि इस विशाल आयोजन में उत्साहपूर्वक शामिल होने वाले श्रद्धालुओं ने कई-कई किलोमीटर पैदल चलने, ट्रैफिक जाम में फंसे रहने और पीने के पानी व भोजन को लेकर हुई अव्यवस्था पर भरपूर सहयोगात्मक भाव बनाये रखा। मोदी ने उसे समझा और उस पर माफी मांग कर अपना बड़प्पन भी दिखाया, जबकि योगी की बातों से ऐसा नजर नहीं आता, परंतु सफाईकर्मियों को प्रात्साहन राशि देने व उनकी तारीफ करके उन्होंने परंपरा से हटकर अपना अंदाज दिखाया। आस्था, विश्वास व उत्साह भरे इस आयोजन के लिए सभी की सराहना की जानी चाहिए।

# पर्यावरण की रक्षा के लिए परमाणु ऊर्जा के बहिष्कार की आवश्यकता

(राजकुमार सिन्हा-विनायक फीचर्स)



परमाणु ऊर्जा न तो सुरक्षित है, न सतत, और न ही आर्थिक रूप से व्यावहारिक। इसके पर्यावरणीय, सामाजिक और मानवीय नुकसान इसके कथित लाभों से कहीं अधिक हैं। परमाणु ऊर्जा को आगे बढ़ाने की एक खतरनाक नीति है, जो जनसुरक्षा और पर्यावरणीय स्थिरता की पूरी तरह अनदेखी करती है। वैसे तो परमाणु ऊर्जा को ÷स्वच्छ ऊर्जा÷ के रूप में प्रचारित किया जाता है, लेकिन यह विकिरणीय कचरा, उच्च लागत और विनाशकारी दुर्घटनाओं के खतरे के साथ आती है। जन आंदोलनों के राष्टीय समन्वय (एनएपीएम) के हैदराबाद राष्टीय अधिवेशन में नेशनल अलायंस फॉर क्लाइमेट एंड इकोलॉजिकल जस्टिस,नेशनल अलायंस ऑफ एंटी-न्यूक्लियर मूवमेंट्स और चुटका परमाणु विरोधी संघर्ष समिति ने परमाणु ऊर्जा के बढ़ते उपयोग पर चिंता जताई। चुटका परमाणु विरोधी संघर्ष समिति के अध्यक्ष दादु लाल कुडापे एवं बरगी बांध विस्थापित मत्स्य संघ के अध्यक्ष मुन्ना बर्मन ने संयुक्त रूप से परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के विरोध में प्रस्ताव रखा। इस प्रस्ताव में परमाणु ऊर्जा के विस्तार की हालिया नीतियों का कड़ा विरोध किया गया। प्रस्ताव में कहा गया है कि परमाणु ऊर्जा न तो सुरक्षित है, न सतत, और न ही आर्थिक रूप से व्यावहारिक। इसके पर्यावरणीय, सामाजिक और मानवीय नुकसान इसके कथित लाभों से कहीं अधिक हैं। एनटीपीसी (नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन) और एनपीसीआईएल (न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड) के बीच ?80,000 करोड़ के निवेश का समझौता, परमाणु ऊर्जा को आगे बढ़ाने की एक खतरनाक नीति है, जो जनसुरक्षा और पर्यावरणीय स्थिरता की पूरी तरह अनदेखी करती है। चुटका परमाणु संयंत्र और नीमच, देवास, सिवनी और शिवपुरी जिलों में प्रस्तावित संयंत्र स्थानीय समुदायों के विस्थापन, विकिरण (रेडिएशन) के खतरे और दीर्घकालिक पारिस्थितिकीय विनाश का कारण बनेंगे। चुटका क्षेत्र में 2009 से आदिवासी समुदाय इस परियोजना का विरोध कर रहे हैं, जहां भूमि का जबरन अधिग्रहण किया गया और उचित मुआवजा भी नहीं दिया गया। इस परियोजना से मछुआरे, किसान और स्थानीय आदिवासी समुदायों की आजीविका बुरी तरह प्रभावित होगी। इसके बावजूद चुटका परमाणु परियोजना को आगे बढ़ाया जा रहा है। परमाणु संयंत्रों के लिए आदिवासी, किसान और मछुआरों को उनकी भूमि से बेदखल किया जाना उनके अधिकारों का उल्लंघन है और इससे उनकी आजीविका छिन रही है। इसके अलावा, सरकार द्वारा फ्रांस की ईडीएफ, रूस की रोसटॉम और अमेरिका की वैस्टींगहाउस इलेक्ट्रिक कार्पोरेशन जैसी विदेशी परमाणु कंपनियों पर निर्भरता देश की संप्रभुता और सार्वजनिक जवाबदेही को भी संकट में डालती है। परमाणु ऊर्जा को ÷स्वच्छ ऊर्जा÷ के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, लेकिन यह विकिरणीय कचरा, उच्च लागत और विनाशकारी दुर्घटनाओं के खतरे के साथ आती है। वैश्विक अनुभव से यह स्पष्ट हुआ है कि सौर, पवन और छोटी विकेन्द्रित जलविद्युत ऊर्जा अधिक सुरक्षित और सतत समाधान हैं।प्रस्ताव में परमाणु ऊर्जा को एक ऊर्जा समाधान के रूप में अस्वीकार करते हुए नए परमाणु ऊर्जा संयंत्रों पर तत्काल रोक लगाने की मांग करते हुए कहा गया है कि सरकार को विकेन्द्रित, नवीकरणीय (रिन्यूएबल) ऊर्जा स्रोतों में निवेश को प्राथमिकता देनी चाहिए ताकि ऊर्जा नीति पर्यावरणीय न्याय और समुदायों की संप्रभुता के सिद्धांतों के अनुरूप हो। प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि एनएपीएम परमाणु ऊर्जा के आर्थिक, पर्यावरणीय और मानवीय लागतों को उजागर करने और सतत और लोकतांत्रिक ऊर्जा प्रणालियों की ओर न्यायसंगत परिवर्तन की वकालत करने के लिए प्रतिबद्ध है। परमाणु ऊर्जा विस्तार को तुरंत रोका जाना चाहिए, इससे पहले कि यह अपरिवर्तनीय पर्यावरणीय और मानवीय तबाही को जन्म दे।

संस्था के 30वें राष्टीय सम्मेलन की सभा ने मांग की है कि-

1. खतरनाक और विषैली परमाणु विखंडन तकनीक को पूरी तरह से त्यागा जाए।
2. परमाणु ऊर्जा पर भारी बजट को विकेंद्रीकृत नवीकरणीय ऊर्जा विकास पर व्यय किया जाए।
3. स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर परियोजना को बंद किया जाए और बजट को स्वच्छ, सुरक्षित और किफायती ऊर्जा विकल्पों की ओर खर्च किया जाए, विशेष रूप से वंचित समुदायों की ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए।
4. सभी यूरेनियम खदानों को बंद करने के लिए एक समयबद्ध योजना बनाई जाए और उसे लागू किया जाए।
5. बंद और छोड़ी गई यूरेनियम खदानों की पारिस्थितिकी बहाली के लिए एक व्यापक योजना बनाई जाए और उसे लागू किया जाए।
6. सभी प्रभावित समुदायों का व्यापक अध्ययन किया जाए, और प्रभावित लोगों को पूर्ण पुनर्वास तथा निःशुल्क चिकित्सा सहायता दी जाए।

## शब्द सामर्थ्य - 345


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 344 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | ■ | ■ | इं | ■ | ■ | ■ |
| स | ह | ■ | ब | र | सा | त | ■ | प |
| ■ | क | हा | नी | ■ | न | क | च | ढ़ा |
| त | ■ | ■ | स्ब | ■ | ■ | ली | ■ | ई |
| क | या | म | त | ■ | क | फ | न | ■ |
| दी | ■ | र्दा | ■ | बा | बू | ■ | ह | वा |
| र | ह | ना | ■ | ल | त | खो | र | ■ |
| ■ | वा | ■ | नौ | क | र | ■ | ■ | सा |
| भा | ई | ■ | का | ■ | ■ | बा | द | ल |

# जन औषधि सप्ताह के संदेश को घर घर पहुंचाते लोक कलाकार सुनील सरला

(कुमार कृष्णन-विनायक फीचर्स)

लोक माध्यम का मतलब है, ग्रामीण और कबीले के लोगों के लिए उपलब्ध संचार के साधन। इसे पारंपरिक मीडिया, स्वदेशी संचार प्रणाली, वैकल्पिक मीडिया, समूह मीडिया, सस्ता मीडिया भी कहते हैं। लोक माध्यमों का इस्तेमाल सदियों से किया जा रहा है। लोक माध्यम, सामाजिक मुद्दों, जागरूकता, और कृषि संबंधी संदेश देते हैं। लोक माध्यम, भाषा, भाषण, शब्दों, और संचार की अन्य बाधाओं को दूर करते हैं। लोक माध्यम, ग्रामीण समाज पर उनके स्वीकार्य मुहावरों, कार्यात्मक महत्व, और मनोरंजन घटक के कारण उल्लेखनीय प्रभाव डालते हैं। बिहार के मुजफ्फरपुर के सुनील सरला लोक माध्यम के सशक्त कलाकार हैं। निरंतर जागरूकता कार्यक्रम से वे लोगों को विभिन्न मुद्दों पर जागरूक कर रहे हैं। प्रधानमंत्री की पहल पर, जन औषधियों की योजना के बारे में जागरूकता बढ़ाने और जेनेरिक दवाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हर साल 1 से 7 मार्च को ÷जन औषधि सप्ताह ÷ के रूप में मनाया जा रहा है।

इसके सार्थक संदेश को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए अपने स्तर से पहल की सुनील सरला ने।

लोक माध्यम के इस कलाकार का अंदाज ?बिल्कुल ही अनूठा है। वे इस कार्यक्रम की शुरुआत खेल गतिविधियों करते हैं। फिर आरंभ हो जाता है गीत।

÷ये फैसले का वक्त है तू आ कदम मिला
तू जिन्दा हैं तू जिंदगी की जीत पर यकीन कर
अगर कहीं हैं स्वर्ग तो उतार ला जमीन पर÷
हम सबका यह अभियान है ,जन औषधि का पैगाम हैं
स्वस्थ रहेंगे हम सारे बच्चे ,तभी देश की शान हैं
हमने मन में ठाना हैं जनऔषधि मित्र बनना हैं
स्वच्छ रहना हैं स्वस्थ रहना हैं
ये किताबें क्या कहती, इसके अंदर लिखा हैं क्या
सारे सवालों का जवाब ढूंढ के हमको लाना है
स्वच्छ रहना हैं स्वस्थ रहना हैं

इस गीत के माध्यम से सुनील सरला मनोरंजनपूर्ण तरीके से जनऔषधि मित्र बनने और स्वस्थ रहने के लिए जागरूक करते हैं।उन्होंने बोल जमूरे बोल, सतवंती टोपी, नुक्कड़ नाटक, गीत संगीत, कठपुतली के माध्यम से जन औषधि के महत्व को कुछ इस तरह बताया-

÷आओ आओ नाटक देखे
आओ आओ
भईया आओ दीदी आओ
आओ आओ
साचे कहे हैं कबीरा हो नाटक
खोल दे मन का फाटक
नाटक मन का फाटक खोले
नाटक मन का फाटक
निकल न निकल दीदी घर से घर से बहरिया
नाटक वाला आइल बाटे तोहरो दुअरिया हो

मुनादी वाला ‑ सुनो सुनो सुनो भाइयों बहनों कान लगाकर ध्यान लगाकर सुनो मुंगेर में जन औषधि सप्ताह मनाया जा रहा है

अख़बार वाला आज की ताजा खबर,आज की ताजा खबर किलकारी में मनाया जा रहा हैं जन औषधि सप्ताह ।

## सू- दोकू क्र.345

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.344 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपके व्यापार में लाभ के योग हैं। साथ में साइड बिजनेस कर सकते हैं, जिससे लाभ होने की संभावना बनेगी। नौकरी पेशा लोगों को नए अवसर मिलेंगे। जिन लोगों को पॉलिटिक्स में में रुचि है, उन्हें बड़ा पद प्राप्त हो सकता हैं। आज समाज में आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आपका पारिवारिक वातावरण शांतिपूर्ण रहेगा। आज आपकी छवि के अनुसार आपको परिणाम मिलेंगे। इस दौरान आप बोलते वक्त संयम रखें।

**वृषभ** — आज आपका दिन भाग्यशाली रहेगा। कार्यक्षेत्र में आने वाली समस्याओं का समाधान मिलेगा। नौकरी में मनपसंद जगह ट्रांसफर हो सकता है। आज आपके व्यापार में ग्रोथ की संभावना है। आपकी सभी योजनाएं कामयाब रहेंगी। आप इस दौरान बड़ा निर्णय सोच समझकर लें, अच्छा रहेगा परिवार वालों की भी राय ले लें। आपका दांपत्य जीवन बढ़िया रहेगा। आज आप किसी यात्रा पर जाएंगे। पढ़ाई में आपकी संतान को सफलता मिलने के योग हैं। परीक्षा में अच्छी रैंक मिलेगी। किसी प्रतिष्ठित कॉलेज में एडमिशन हो सकता है। आज आपका पारिवारिक जीवन समृद्ध रहेगा।

**मिथुन** — आज आपका दिन सुखद रहने वाला है। आपके लिए जमीन या मकान खरीदने के संयोग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में आप मनचाहा लाभ प्राप्त करेंगे। आज आपका वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आपको माता पिता और परिवार के अन्य सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा। आज आपको किसी निवेश से बड़ा आर्थिक लाभ होगा। आप किसी धार्मिक स्थान की यात्रा करेंगे। इस दौरान आप अपनी सेहत का ध्यान रखें। आज आप नौकरी के मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**कर्क** — आज का दिन आपको सफलता दिलाने वाला होगा। नई नौकरी मिलने की संभावना है। उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों को मनचाहे परिणाम मिलने की उम्मीद है। वैवाहिक जीवन में खुशियां आएंगी, कहीं डिनर पर जाएंगे। इस दौरान किसी प्रकार के तर्क से बचें। आप परिवार के साथ समय बिताने की कोशिश करेंगे। उनकी खुशियों का ध्यान रखेंगे व्यस्तता होने के बावजूद आप उनके साथ कहीं घूमने जाएंगे। आज किसी रचनात्मक कार्य से जुड़ने की इच्छा होगी। आप किसी वेबसाइट के लिए काम करेंगे।

**सिंह** — आज आपका दिन बेहतर रहेगा। सरकारी जॉब कर रहे लोगों को प्रमोशन के चांसेस हैं। अच्छे पद पर कहीं ट्रांसफर के योग बने हुए हैं। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्र किसी प्रोजेक्ट पर काम करेंगे, कुछ नया सीखने को मिलेगा। आप संपत्ति खरीदने का मन बना सकते है। आपको अधिक धन लाभ के योग हैं। वैवाहिक रिश्ते में नयी-नयी खुशियां आने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप मिलजुल कर पारिवारिक जिम्मेदारियां निभाएंगे। अगर आप कहीं यात्रा पर जा रहे है तो जरूरत का सामान लेना न भूले।

**कन्या** — आपके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। आज कार्यक्षेत्र में आपके अनुकूल माहौल बना रहेगा। उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाने की प्रतीक्षा कर रहे छात्रों को उचित अवसर मिलेंगे। आप अपनी टीम के अच्छे लीडर के रूप में उभर कर सामने आएंगे। आपके किसी स्टार्टअप की योजना सफल रहेगी। आप अपने परिवार के साथ समय बिताएंगे। आप कहीं बाहर घूमने जाने का प्लान बना सकते हैं। इस दौरान संतान की उपलब्धि पर आपको गर्व होगा। आप हर छोटी बात पर अधिक सोचने से बचें, जिससे आपका जीवन सहज रहेगा।

**तुला** — आज आपका दिन लाभदाई रहेगा। आज कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। आज आपको किसी पैतृक संपत्ति का लाभ मिलेगा। आज आपके नए-नए लोगों से संपर्क जुड़ेंगे, जिससे आपके करियर में लाभ होगा। आज आप जीवनसाथी के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। परिवार में किसी बड़े से आप सलाह लेंगे, जो आपके लिए कारगर साबित होगा। ऑफिस में अतिरिक्त जिम्मेदारी मिलने से आप थोड़ी उलझन महसूस करेंगे। इस दौरान आपके खर्चे कम और बचत अच्छी रहेगी। जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में अच्छा सुधार होगा।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आपकी आय के साधनों में वृद्धि होगी। आपके रुके हुए कार्यों की गति बढ़ेगी। सोची हुई योजनाओं में सफलता मिलने के संकेत है। आप अपने भाई बहनों के साथ किसी दर्शनीय स्थल पर जा सकते हैं। अचानक किसी अति प्रिय रिश्तेदार या मित्र से मुलाकात होगी। समाज में आपकी मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आप अपने कारोबार में किसी नए कार्य की शुरुआत कर सकते हैं। जिसमें आप समय-समय पर नया बदलाव करेंगे। इस दौरान आप घर में लग्जरी आइटम खरीदेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**धनु** — आपके लिए बदलाव लाने वाला दिन है। आपके कार्यों की कार्यस्थल पर सराहना होगी। आज आप किसी से भी उलझने बचे। आप अपने माता-पिता के साथ किसी आध्यात्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। आपका रुझान दार्शनिक व्यक्तियों की ओर बढ़ेगा। आप स्वास्थ्य को लेकर सावधानी बरतें। नियमित हेल्थ की जांच कराते रहें। सामाजिक स्तर पर आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज घर के कार्यों को लेकर कुछ खर्च बढ़ने की संभावना है। आज आपके परिवार में सुख शांति बनी रहेगी। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जाने का प्लान बनाएंगे।

**मकर** — आज आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका व्यक्तित्व लोगों को प्रभावित करेगा। सिनेमा जगत से जुड़े लोगों को अपने क्षेत्र में प्रसिद्धि मिलने के योग बने हुए है। कार्यस्थल पर आपका उत्साह बढ़ेगा। आज आप वाहन चलाते समय सावधानी बरतें। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को किसी कार्य के लिए सम्मानित किया जा सकता है। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आप उच्च अधिकारियों से सहयोग प्राप्त करेंगे। आप कुछ समय के लिए नौकरी बदलने की इच्छा को टाल दें।

**कुंभ** — आपके लिए आज का दिन शुभ फलदाई साबित होगा। बिजनेस में नये काम के अवसर प्राप्त होंगे। यात्राओं से लाभ मिलने के संकेत है। आज आपको नौकरी बदलने का प्रस्ताव मिल सकता है। शोध करने वाले जो जातक विदेश जाकर काम करना चाहते हैं, उनको उचित अवसर मिलेंगे। आपका वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आप अपने जीवनसाथी के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे। आज आपको कहीं से गिफ्ट मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको किसी टीम को लीड करने का मौका मिलेग। आज अपनी सेहत का ध्यान रखेंगे।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज आप अपनी संतान के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। घर के अन्य सदस्यों के साथ आपकी अच्छी बॉन्डिंग बनेगी। व्यापारियों के लिए लाभ के योग हैं। कार्यस्थल पर सहकर्मी आज आपसे सीखना चाहेंगे। आज आपको अपनी वाणी में कटुता लाने से बचना चाहिए। परिवार में किसी व्यक्ति को बड़ी सफलता मिलने से खुशी का माहौल बनेगा।

# विकास के बहाने विनाश का गरल पीते उत्तराखंड के पर्वत शिखर

(मनोज कुमार अग्रवाल-विभूति फीचर्स)



उत्तराखंड के माणा में एक दुखद आपदा में प्राकृतिक हिमस्खलन से निर्माण कार्य में लगे मजदूर बर्फ में धंस गए। हालांकि 46 जिंदगी बचा ली गई लेकिन दुःखदायी यह रहा कि आठ जिंदगियों को बचाया नहीं जा सकता है। निसंदेह देश के जवानों ने इन जिंदगियों को बचाने में अपनी जान लगा दी। राहत एवं बचाव कार्य में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और सेना सहित 200 से अधिक लोग जुटे रहे।यह अभियान तीन दिन तक चला।

माणा गांव में मजदूर निर्माण कार्य में लगे थे, तभी अचानक ऊपर से बर्फ का पहाड़ आ गिरा और कई मजदूर उसमें दब गए। इस घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन ने बिना देरी बचाव कार्य शुरू कर दिया । शुरू में प्रतिकूल मौसम में रास्ते बंद होने के कारण राहत कार्य में मुश्किल आई, लेकिन बचाव अभियान में जुटे जवानों ने अपनी जान की परवाह नहीं करते हुए कई जिंदगियों को बचा लिया। हिमस्खलन स्थल पर करीब 7 फीट तक बर्फ जमा है, जिससे बचाव अभियान में कई दिक्कतें आयी। लेकिन जहां तक भी पहुंचना संभव है, वहां राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया।

उत्तराखंड और हिमाचल में प्राकृतिक आपदाओं का आना कोई नई बात नहीं है। अपने नैसर्गिक सौंदर्य, अध्यात्म, और धार्मिक महत्व के लिए यह राज्य प्रसिद्ध है, लेकिन यह राज्य अपनी भौगोलिक संरचना के लिए भी बेहद संवेदनशील है। पूरी दुनिया में कुदरत की सौंदर्यता के लिए जाना जाने वाला राज्य होने के साथ ही उत्तराखंड प्राकृतिक और मानवजनित आपदाओं के लिए भी जाना जाने लगा है, इसे इस राज्य का दुर्भाग्य ही कह सकते हैं।

हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड जैसे हिमालयी राज्यों को हाल के वर्षों में कई प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ा है। बीते कुछ महीनों में घटित ऐसी सभी घटनाओं के कारण अब तक 300 से अधिक लोगों की मृत्यु हुई है और हजारों लोग घायल हुए हैं। लापता होने वाले लोगों की संख्या भी कम नहीं है। बड़े पैमाने पर आर्थिक नुकसान के साथ-साथ सड़कों पर आवाजाही भी बड़े पैमाने पर बाधित हुई। पहाड़ों के दरकने या भूस्खलन जैसी घटनाओं के लिए इन पहाड़ी राज्यों में होने वाली निरंकुश मानवीय गतिविधियों को मुख्य रूप से जिम्मेदार माना जाता है। आर्थिक क्रियाकलाप, पर्यटन और आधुनिक विकास के नाम पर होने वाले निर्माण इसके लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं।

सरकार आपदा की स्थिति में राहत कार्य पहुंचाती है। पर, आज जरूरत है कि समस्या के जड़ को समझकर उसके प्रभावी समाधान के लिए सही रणनीतियों के विकास और उन पर अमल करने की। ऐसा करके ही पहाड़ों में हो रहे विनाश पर लगाम लगायी जा सकती है और टिकाऊ विकास को सुनिश्चित किया जा सकता है। 2013 में केदारनाथ आपदा उत्तराखंड के इतिहास की सबसे भयावह घटना थी। जल प्रलय ने हजारों लोगों की जान ले ली थी और किसी को संभलने तक का मौका नहीं मिला था। जो जहां था, वही दफन हो गया। कई महीने तक लोगों की खोज में अभियान चलाए गए। 16 से 17 जून, 2013 में लगातार अतिवृष्टि व बादल फटने के परिणामस्वरूप भूस्खलन व नदियों में तीव्र उफान के कारण रुद्रप्रयाग, चमोली, उत्तरकाशी, पौड़ी, टिहरी व पिथौरागढ़ जिलों में व्यापक जन-धन की हानि हुई। राज्य के ज्ञात इतिहास में यह सबसे बड़ी आपदा थी। इसमें हजारों लोग व मवेशी मलवे में दबकर व जल प्रवाह में बहकर काल के गाल में समा गए। सैकड़ों होटल व धर्मशालाएं व हजारों मोटर गाड़ियां नष्ट हुई। इस आपदा में एक आंकड़े के मुताबिक 3886 लोग या तो मारे गए अथवा लापता हुए, इसमें से मात्र 644 शव मिले हैं। 3242 लोगों का कोई पता नहीं चल पाया। राज्य सरकार द्वारा जारी आकड़ों के अनुसार इस आपदा में लगभग 13000 करोड़ के नुकसान का आंकलन किया गया। इसके बाद भी इस राज्य में लगातार भूस्खलन और हिमस्खलन को घटनाएं सामने आती ही रहती है। कुछ ऐसा ही फरवरी 2021 में तब हुआ था, जब चमोली जिले में ऋषि गंगा कैचमेंट से जल प्रलय निकली थी। तब सात फरवरी की सुबह हैंगिंग ग्लेशियर टूट गया था। उस समय इस तरह के खतरों से पहले से ही सचेत रहने के लिए तमाम कसरत की गई थी। यहां तक कि ग्लेशियर क्षेत्रों की सैटेलाइट से निरंतर निगरानी की बात भी सामने आई थी। ताकि समय रहते ग्लेशियर और ग्लेशियर झीलों में आ रहे असामान्य बदलावों की पहचान की जा सके, लेकिन फिर भी हादसा हुआ । इसी तरह बदरीनाथ के माणा क्षेत्र में ग्रेफ के श्रमिक एवलांच जोन में निरंतर बर्फबारी के बीच भी श्रमिक काम करते पाए गए, उससे निगरानी तंत्र को लेकर सवाल भी खड़े होते हैं। इसका कारण है कि हिमनदों का पिघलना, टूट कर नदियों में गिरना, बादल फटने जैसी घटनाएं हिमालय क्षेत्र में सामान्य बात हैं। उत्तराखंड में प्राकृतिक आपदाओं के संकेत करीब चार दशक पहले से ही मिलने लगे थे। भूविज्ञानी पहले ही चेतावनी दे चुके थे कि ऋषिगंगा क्षेत्र में आठ हिमनदों के पिघलने की दर सामान्य से अधिक है। जाहिर है कि जब-जब ये टूटेंगे तो ऋषिगंगा में ही गिरेंगे और कहर बरपाएंगे। ऋषिगंगा नदी पर हिमनदों के टूटने से जो दबाव बनता है, उससे आसपास की नदियों-धौलीगंगा, विष्णुगंगा, अलकनंदा और भागीरथी में जल प्रवाह उग्र रूप धारण कर लेता है। बढ़ते तापमान और हिमालय के भीतर हो रहे परिवर्तन भी हिमनदों की प्रकृति को तेजी से बदल रहे हैं, जिससे इनके टूटने की घटनाएं भी तेजी से बढ़ रही हैं। यह ऐसा प्राकृतिक संकट है जिससे कोई बचा नहीं सकता।

इन खतरों को देखते हुए ही नदियों पर बांध बनाने को लेकर चेताया जाता रहा है। चमोली की आपदा में ऋषि गंगा पर बनी तेरह मेगावाट की बिजली परियोजना और धौलीगंगा पर पांच सौ बीस मेगावाट की बिजली परियोजना पूरी तरह से बह गई और इन पर काम कर रहे लोग भी इस आपदा का शिकार हो गए। इसलिए यह सवाल क्यों नहीं उठना चाहिए कि वैज्ञानिकों की चेतावनियों के बावजूद ऐसी परियोजनाएं इन इलाकों में क्यों बनाई जाती हैं? पहाड़ी इलाकों में रहने वाले निवासियों का जीवन बेहद कठिन होता है। प्राकृतिक कारण इसे और जोखिमभरा बना देते हैं। ऐसे में प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि आपदाओं के लिहाज से जो इलाके संवेदनशील और बेहद खतरनाक हैं और जिन इलाकों में ऐसी आपदाओं के बारे में वैज्ञानिक सचेत करते रहे हैं, उन इलाकों में ऐसी सुविधाएं विकसित करने पर जोर दिया जाए जो बेहद गंभीर संकट में भी लोगों को बचा सकें।



# गेंहू की गुणवत्ता और किसानों को समय पर भुगतान का विशेष ध्यान रखें : प्रमुख सचिव

## किसानों से 2600 रुपए प्रतिक्विंटल की दर से होगा गेंहू का उपार्जन - आयुक्त खाद्य
## धान की 15 जून तक शत-प्रतिशत मिलिंग कराएं : संचालक नागरिक आपूर्ति निगम




**रीवा,कासं.।** कलेक्ट्रेट कार्यालय सभागार में गेंहू उपार्जन के तैयारियों की संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्चुअल माध्यम से शामिल होकर प्रमुख सचिव खाद्य श्रीमती रश्मि अरूण शमी ने कहा कि उपार्जन के समय गेंहू की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। निर्धारित एफएक्यू से कम गुणवत्ता का गेंहू अमान्य करें। उपार्जित गेंहू का तत्काल उठाव और भण्डारण कराकर स्वीकृति पत्रक जारी करें। किसानों को तीन दिवस में उपार्जित गेंहू का भुगतान देना सुनिश्चित करें। भुगतान किसान के आधार लिंक बैंक खाते में ही दिया जाएगा। परिवहनकर्ताओं तथा सहकारी समितियों को भी समय पर राशि का भुगतान करें। सभी उपार्जन केन्द्रों में नोडल अधिकारी तैनात कराकर कलेक्टर उपार्जन की कड़ी निगरानी करें। बैठक में आयुक्त खाद्य श्री कर्मवीर शर्मा ने कहा कि गेंहू उपार्जन के लिए किसानों का 31 मार्च तक पंजीयन किया जाएगा। संभाग के सभी जिलों में अभी पंजीयन बहुत कम है। जिला आपूर्ति अधिकारी कियोस्क सेंटर को उपार्जन के लिए किसानों के पंजीयन की अनुमति तत्काल जारी करें। किसानों को निर्धारित समर्थन मूल्य 2425 रुपए में मुख्यमंत्री जी द्वारा घोषित 175 रुपए बोनस शामिल करके 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेंहू का उपार्जन किया जाएगा। व्यापक प्रचार प्रसार करके किसानों का पंजीयन कराएं। पंजीकृत किसानों द्वारा दर्ज रकबे का गिरदावरी के अनुसार राजस्व अधिकारी सत्यापन करें। सत्यापन करने के बाद ही किसान को गेंहू उपार्जन के लिए स्लाट बुक करने की सुविधा मिलेगी। प्रत्येक खरीदी केन्द्र में किसानों के लिए छाया, पानी, ठहरने, शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। बारिश से उपार्जित गेंहू को सुरक्षित रखने के लिए भी समुचित उपाय करें। कलेक्टर उपार्जन की अवधि में प्रतिदिन गेंहू उपार्जन की समीक्षा करें। इसमें लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें। गोदाम स्तरीय खरीदी केन्द्र बनाते समय सरकारी गोदामों को प्राथमिकता दें। आयुक्त् खाद्य ने कहा कि सर्वेयरों को प्रशिक्षण देकर तैनात करें। उपार्जित गेंहू की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। महाप्रबंधक सहकारी बैंक पंजीकृत किसानों के लंबित ऋणों की जानकारी ऑनलाइन दर्ज करा दें जिससे उपार्जन के साथ लंबित ऋणों की वसूली भी की जा सके। सभी कलेक्टर गत वर्ष के उपार्जन के आधार पर वर्तमान वर्ष के लिए खरीदी का लक्ष्य निर्धारित करें। इसके अनुरूप खरीदी केन्द्रों में समुचित बारदाने तथा सुरक्षित भण्डारण की व्यवस्था कराएं। बैठक में संचालक नागरिक आपूर्ति निगम तथा स्टेट वेयरहाउस श्री अनुराग वर्मा ने कहा कि अभी गेंहू की आवक शुरू नहीं हुई है। मण्डियों में भी गेंहू के दाम घटकर लगभग 2600 रुपए प्रति क्विंटल पर आ गए हैं। उपार्जन के लिए भी 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर निर्धारित की गई है। इसलिए गत वर्ष की तुलना में खरीदी केन्द्रों में अधिक गेंहू आने की संभावना है। इसे ध्यान में रखते हुए खरीदी केन्द्रों में तैयारियाँ करें। संचालक ने कहा कि धान की मिलिंग का कार्य बहुत धीमा है।

धान की मिलिंग 15 जून तक शत-प्रतिशत पूरी कराएं। मिलर्स को हाल ही में 15 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। शेष राशि का भी शीघ्र भुगतान किया जाएगा। बैठक में घरेलू गैस की पाइप से आपूर्ति से जुड़े निर्माण कार्यों में एनओसी तत्काल जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। बैठक में कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल, कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस, कलेक्टर मैहर श्रीमती रानी बाटड, कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी, अपर कलेक्टर एवं क्षेत्रीय संचालक नागरिक आपूर्ति निगम श्रीमती सपना त्रिपाठी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर तथा उपार्जन से जुड़े विभागों के सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में 75 आवेदकों की सुनीं गई समस्यायें



**रीवा,कासं.।** कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में 75 आवेदकों की समस्यायें सुनीं गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर एवं संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले ने राजस्व, पेंशन, शिक्षा, ग्रामीण विकास, कृषि सहित अन्य विभागों से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई करते हुए प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर समाधानकारक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। जनसुनवाई में प्रेमवती तिवारी डेल्ही निवासी ने भूमि के मुआवजा प्रदाय किये जाने तथा अभिलेख श्रीवास्तव बहुरीबांध ने खसरा सुधार के आवेदन दिये जिन्हें संबंधित एसडीएम को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। वीरखाम निवासी ललऊ रावत के कैंसर इलाज कराने तथा सुरेश बंसल नयातालाब हुजूर के असाध्य रोग के इलाज के आवेदन पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को परीक्षण कर निश्शुल्क इलाज कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। ज्ञानवती सोनकर अकौरी के आवासीय प्लाट को अतिक्रमण मुक्त कराने, मुन्नीलाल निवासी महिलों जवा ने अवरूद्ध मार्ग को खुलवाने, रामानुज दुबे पथरी निवासी के घर गिरने पर सहायता राशि प्रदान करने, उलही निवासी राजबहोर के नक्शा तरमीम किये जाने के आवेदनों को संबंधित तहसीलदार को कार्यवाही करने हेतु प्रेषित किया गया। गयाशरण सिंह कचूर के किसान सम्मान निधि प्रदाय करने के आवेदन को एसएलआर को, क्षेत्रपाल द्विवेदी बगिहा गंगेव के खाद्यान्न पर्ची प्रदाय करने के आवेदन को खाद्य अधिकारी प्रेषित कर समुचित कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। रामदास कोरी दादर निवासी ने जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने का आवेदन दिया जिसे बनकुंइया सर्किल नायब तहसीलदार को कार्यवाही करने हेतु तथा राघवेन्द्र सिंह गढ़ निवासी के विद्युत मोटर के बिल में सुधार कराने के आवेदन को विद्युत मंडल के अधिकारी को समाधानकारक कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित किया गया। जनसुनवाई में तहसीलदार जितेन्द्र तिवारी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# राशन कार्डधारियों की ई केवाईसी 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से करें : आयुक्त खाद्य



**रीवा,कासं.।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित संभागीय बैठक में आयुक्त खाद्य श्री कर्मवीर शर्मा ने खाद्यान्न वितरण की समीक्षा की। संचालक खाद्य ने कहा कि उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न प्राप्त करने वाले सभी परिवारों का 31 मार्च तक ई केवाईसी अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। इसी समय सीमा में डुप्लीकेट परिवारों, एक सदस्यीय परिवारों, दो सदस्यीय परिवारों तथा सात से अधिक सदस्य संख्या वाले परिवारों का घर-घर जाकर शत-प्रतिशत सत्यापन कराएं। ईकेवाईसी और सत्यापन का कार्य युद्ध स्तर पर करें। सभी कलेक्टर प्रतिदिन इसकी समीक्षा करके शत-प्रतिशत राशन कार्डधारियों का ईकेवाईसी सुनिश्चित करें। इसके लिए सभी जिला आपूर्ति अधिकारी और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी लगातार प्रयास करें। उचित मूल्य दुकानों का नियमित निरीक्षण करें। जो दुकानें माह में 10 दिन से कम खुली हैं उनके सेल्समैन को पद से पृथक करने की कार्यवाही करें। उचित मूल्य दुकान का माह में कम से कम 20 दिन खुलना सुनिश्चित करें। उचित मूल्य दुकानों के खुलने के लिए कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पूरी तरह से जिम्मेदार होंगे। आयुक्त ने कहा कि आवंटित खाद्यान्न के उठाव और वितरण में कई कमियाँ हैं। नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा प्रदान खाद्यान्न ट्रकों के माध्यम से उचित मूल्य दुकान में पहुंचने पर उसकी ऑनलाइन पावती अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। पावती प्राप्त न होने को गंभीर अनियमितता मानते हुए कड़ी कार्यवाही करें। कलेक्टर तथा जिला आपूर्ति अधिकारी खाद्यान्न के उठाव और वितरण की ऑनलाइन निगरानी करें। संभाग के सभी जिलों में राशन कार्डधारियों के सत्यापन की गति बढ़ाएं। डुप्लीकेट परिवारों तथा ई श्रम पोर्टल के माध्यम से दर्ज मजदूर परिवारों का 31 मार्च तक शत-प्रतिशत सत्यापन करके ऑनलाइन जानकारी दर्ज कराएं। जिला आपूर्ति अधिकारी एक सप्ताह में सभी उचित मूल्य दुकानों में उपलब्ध खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन करके ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज करें। आयुक्त ने कहा कि कलेक्टर साप्ताहिक बैठक में आंगनवाड़ी केन्द्रों तथा छात्रावासों को आवंटित खाद्यान्न के उठाव एवं वितरण की समीक्षा करें। जिला आपूर्ति अधिकारियों एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों के उचित मूल्य दुकानों के निरीक्षण का रोस्टर बनाकर नियमित निरीक्षण कराएं। महिला एवं बाल विकास विभाग से जुड़े स्वसहायता समूहों को आवंटित खाद्यान्न में से मैहर जिले में 83 प्रतिशत, सतना में 88 प्रतिशत, सीधी में 90 प्रतिशत तथा मऊगंज में 91 प्रतिशत आपूर्ति की गई है। संबंधित जिलों के जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम तथा खाद्य अधिकारी इस संबंध में स्पष्टीकरण दें। बैठक में खाद्यान्न के परिवहन, अन्नदूत परिवहनकर्ताओं का बीमा कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में संचालक नागरिक आपूर्ति निगम श्री अनुराग वर्मा, संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, अपर संचालक खाद्य एचएस परमार, खाद्य विभाग, नागरिक आपूति निगम, मप्र वेयरहाउस तथा भारतीय खाद्य निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

# एम.पी. ट्रांस्को में मनाया गया राष्ट्रीय लाइनमैन दिवस

**रीवा,कासं.।** मध्यप्रदेश में विषम परिस्थितियों में भी भरोसेमंद विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित रखने वाले पावर सेक्टर की महत्वपूर्ण कड़ी लाइनमैन के योगदान को मान्यता देकर आदर-भावना प्रकट करते हुए मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांस्को) में राष्ट्रीय लाइनमैन एवं राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया।

इसके तहत रीवा सहित एम.पी. ट्रांस्को के 40 ट्रांसमिशन लाइन मेंनटेनेंस कार्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर प्रदेश के लाइनमैनों को सम्मानित किया गया एवं सभी ने जीरो हार्म थीम पर सुरक्षा शपथ ली एवं प्रबंध संचालक इंजी सुनील तिवारी के संदेश का वाचन किया गया। टी.एल.एम. मुख्यालय रीवा में आयोजित कार्यक्रम में एम.पी. ट्रांस्को के मुख्य अभियंता श्री संदीप गायकवाड़ की उपस्थिति में 32 लाइनमैनों को सम्मानित किया गया राष्ट्रीय लाइनमैन एवं राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर अपने संदेश में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक इंजीनियर सुनील तिवारी ने कहा है कि संपूर्ण प्रदेश में एम.पी. ट्रांसको की ट्रांसमिशन लाइनों के देखरेख के लिये लाइन मेंटेनेन्स कर्मी सजगता से अपना कार्य निष्पादित करते हैं। सुनील तिवारी ने कहा कि पूरे प्रदेश में सतत रूप से निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित रखने का परिणाम है कि म.प्र. पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी देश की सर्वश्रेष्ठ कंपनियों में से एक बनी हुई है।



## समाचार

### नौ महीने के सबसे खराब लेवल पर शेयर बाजार, 3 मिनट में ही डूब गए निवेशकों के 1.33 लाख करोड़

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** मार्च के दूसरे कारोबारी दिन शेयर बाजार में गिरावट जारी है। शेयर बाजार खुलते ही पहले तीन मिनटों में सेंसेक्स में 450 से अधिक अंकों की गिरावट दर्ज करते हुए 9 महीनों के निचले स्तर पर पहुँच गया। 3 मिनट में ही निवेशकों के 1.33 लाख करोड़ रुपये डूब गए।सुबह करीब 9.30 बजे, सेंसेक्स 363.22 अंक या 0.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,722.72 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 125.80 अंक या 0.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,993.50 पर कारोबार कर रहा था। विशेषज्ञों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा फैलाई गई अनिश्चितता वैश्विक व्यापार में बढ़ रही है। उन्होंने कहा, कनाडा और मैक्सिको पर 25 प्रतिशत टैरिफ और चीन पर 20 प्रतिशत टैरिफ (अब एडिशनल 10 प्रतिशत लगाया गया है) की धमकियां एक्शन में बदल रही हैं। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए इन टैरिफ का जवाब अभी तक नहीं पता चल पाया है। निश्चित रूप से प्रतिक्रिया होगी। ट्रंप प्रशासन द्वारा टैरिफ हाइक के जवाब में, कनाडा मंगलवार से 30 बिलियन कनाडाई डॉलर के अमेरिकी आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। यह आने वाले 21 दिनों में 125 बिलियन कनाडाई डॉलर के एडिशनल अमेरिकी आयात पर टैरिफ लगाएगा। इस बीच, निफ्टी बैंक 91.80 अंक या 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 48,022.50 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 883.50 अंक या 1.84 प्रतिशत की गिरावट के बाद 47,100.65 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 251.50 अंक या 1.72 प्रतिशत की गिरावट के बाद 14,409.35 पर था।

### गुगल का कर्मचारियों को 60 घंटे काम करने का आदेश, कहा- एआई रेस में झोंकनी होगी पूरी ताकत

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस (एजीआई) की दौड़ में शीर्ष पर बने रहने के लिए गूगल ने अपने कर्मचारियों पर काम का दबाव बढ़ा दिया है। कंपनी के को-फाउंडर सर्गेई ब्रिन ने कर्मचारियों को एक आंतरिक मेमो में सप्ताह में 60 घंटे काम करने और हर दिन ऑफिस आने का निर्देश दिया है। ब्रिन ने अपने मेमो में स्पष्ट किया कि गूगल एआई की प्रतिस्पर्धा में जीत हासिल करने की क्षमता रखता है, लेकिन इसके लिए कर्मचारियों को पहले से कहीं अधिक समर्पण और कड़ी मेहनत दिखानी होगी। उनका यह आदेश ऐसे समय में आया है जब एजीआई के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा तेजी से बढ़ रही है और गूगल किसी भी हालत में इस दौड़ में पीछे नहीं रहना चाहता है। ब्रिन का यह निर्देश भारत के कुछ प्रमुख उद्योगपतियों की हालिया टिप्पणियों के अनुरूप है, जिन्होंने कर्मचारियों के लिए लंबे समय तक काम करने की वकालत की है। इंफोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति ने दशकों तक 70 घंटे प्रति सप्ताह काम करने का उदाहरण दिया, जबकि एलएंडटी के चेयरमैन एसएन सुब्रमण्यन ने 90 घंटे तक काम करने की बात कही थी। इन बयानों ने सोशल मीडिया पर काम के घंटे और कार्य-जीवन संतुलन को लेकर एक नई बहस छेड़ दी थी। ब्रिन ने कर्मचारियों को न केवल लंबे समय तक काम करने के लिए कहा है, बल्कि दैनिक रूप से ऑफिस आने पर भी जोर दिया है। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों के लिए कार्यदिवस पर ऑफिस आना और अपनी उत्पादकता में वृद्धि करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने 60 घंटे के कार्य सप्ताह को आदर्श बताते हुए यह भी चेतावनी दी कि इससे अधिक काम करने पर कर्मचारियों में बर्नआउट का खतरा बढ़ सकता है। ब्रिन ने चिंता व्यक्त की कि कुछ कर्मचारियों द्वारा कम काम करने से टीम के मनोबल पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है, जिसे उन्होंने टीम वर्क के लिए हानिकारक बताया। गूगल का यह कठोर कदम कंपनी की एजीआई डेवलपमेंट टीम द्वारा जेमिनी एआई पर किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्य के बीच आया है।

# भारत 29 से 31 मार्च तक दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा




**नई दिल्ली,एजेंसी।** युवा मामले और खेल मंत्रालय ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और योगासन भारत के सहयोग से 29 से 31 मार्च, 2025 तक इंदिरा गांधी एरिना में दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप के आयोजन की घोषणा की है। इस चैंपियनशिप में कम से कम 16 देश भाग लेंगे, और उम्मीद है कि और भी देश इसमें शामिल होंगे। इसका उद्देश्य योगासन को एक खेल के रूप में अंतरराष्ट्रीय मंच पर बढ़ावा देना है, साथ ही इसकी समृद्ध विरासत और गहरी सांस्कृतिक महत्ता को भी बढ़ावा देना है। इसका उद्देश्य योगासन को एक खेल के रूप में वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देना और इसे एक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में ओलंपिक में शामिल करने की दिशा में एक रोडमैप तैयार करना है।

इस चैंपियनशिप को एशियाई ओलंपिक परिषद, विश्व योगासन, एशियाई योगासन और योगासन इंद्रप्रस्थ सहित प्रमुख संगठनों का समर्थन प्राप्त है। योगासन को मुख्यधारा के वैश्विक खेल के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से, इस आयोजन में संतुलन, शक्ति और लचीलेपन का प्रदर्शन किया जाएगा, जो इस खेल की अपार संभावनाओं को उजागर करेगा। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने योग की वैश्विक यात्रा में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा, ÷योग का जन्मस्थान भारत, दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करने के लिए गौरवान्वित है। यह आयोजन सिर्फ एक प्रतियोगिता से कहीं बढ़कर है; यह हमारे प्राचीन ज्ञान का उत्सव है जो आधुनिक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में विकसित हो रहा है। हम योगासन को वैश्विक खेल अनुशासन बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और यह चैंपियनशिप उस लक्ष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। इस आयोजन के माध्यम से, हम न केवल योगासन की एथलेटिकता को प्रदर्शित करते हैं, बल्कि शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से जीवन को बदलने की इसकी शक्ति को भी प्रदर्शित करते हैं। मैं इस चैंपियनशिप के शानदार सफल होने और भारत के नेतृत्व में दुनिया भर में समग्र कल्याण के सिद्धांत को एक साथ लाने की उम्मीद करता हूं।

एशियाई योगासन के अध्यक्ष संजय मालपानी ने चैंपियनशिप के प्रभाव पर जोर देते हुए कहा, दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप योगासन को विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त खेल के रूप में स्थापित करने के हमारे मिशन में एक निर्णायक क्षण है। हम आधुनिक एथलेटिक उत्कृष्टता के साथ परंपरा के संलयन को देख रहे हैं। यह चैंपियनशिप इस बात का प्रमाण है कि योगासन केवल एक अभ्यास नहीं है, बल्कि एक प्रतिस्पर्धी खेल है जिसमें सटीकता, धीरज और कलात्मकता की आवश्यकता होती है। प्रतिस्पर्धा करने वाले प्रत्येक एथलीट के साथ, हम विश्व मंच पर योगासन के उचित स्थान के एक कदम और करीब पहुंचते हैं।

एक खेल के रूप में योगासन की बढ़ती मान्यता के साथ, चैंपियनशिप से वैश्विक खेल समुदाय का महत्वपूर्ण ध्यान आकर्षित होने की उम्मीद है। यह आधुनिक खेल ढांचे में इस प्राचीन अभ्यास के लिए जागरूकता और उत्साह को बढ़ावा देते हुए, अंतर्राष्ट्रीय बहु-खेल आयोजनों में योगासन को शामिल करने की दिशा में एक कदम है।

विश्व योगासन के महासचिव जयदीप आर्य ने कहा कि नई दिल्ली में दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप पूरे एशिया से असाधारण एथलीटों को एक साथ लाती है, जो इस प्राचीन अभ्यास को परिभाषित करने वाली ताकत, लचीलापन और अनुशासन का प्रदर्शन करते हैं। हमें योगासन के प्रति बढ़ते उत्साह को देखकर गर्व है और हम इसे मुख्यधारा के खेल अनुशासन के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उम्मीद है कि यह आयोजन भावी पीढ़ियों को प्रतिस्पर्धा में उत्कृष्टता और समग्र स्वास्थ्य दोनों के लिए योगासन अपनाने के लिए प्रेरित करेगा।

योगासन भारत के अध्यक्ष उदित शेठ ने कहा, यह चैंपियनशिप वैश्विक योगासन आंदोलन में भारत के नेतृत्व का प्रतीक है। जैसे-जैसे दुनिया योगासन के अपार लाभों को पहचान रही है, हम एक खेल के रूप में इसके भविष्य को आकार देने में सबसे आगे हैं। हमारा मिशन युवा एथलीटों को चमकने के लिए एक मंच प्रदान करना, योगासन को प्रमुख खेल आयोजनों में शामिल करना और दुनिया के साथ इस अमूल्य विरासत को साझा करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को मजबूत करना है।

# साउथ अफ्रीका को सेमीफाइनल से पहले झटका, एडेन मार्करम हुए चोटिल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका ने बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर जॉर्ज लिंडे को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दूसरे सेमीफाइनल से पहले रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर टीम में शामिल किया है। एडेन मार्करम के कवर के तौर पर वह लाहौर पहुंचेगे, जहां यह मुकाबला खेला जाना है। इंग्लैंड के खिलाफ हुए ग्रुप स्टेज के मुकाबले में फील्डिंग के दौरान मार्करम को सीधी हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी, जिसके बाद वह बाकी मुकाबले से बाहर हो गए थे। मंगलवार (4 मार्च) की शाम को उनका फिटनेस टेस्ट होगा, जिसके बाद यह तय होगा कि वह 5 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में खेलेंगे या नहीं। बता दें कि साउथ अफ्रीका चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से झूझ रही है। एनरिक नॉर्खिया, गेराल्ड कोएत्जे, नांद्रे बर्गर और लिजार्ड विलियम्स टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही बाहर हो गए थे। लिंडे मंगलवार को साउथ अफ्रीका की टीम के साथ जुड़ेंगे। अगर मार्करम टूर्नामेंट से बाहर होते हैं तो ही लिंडे आधिकारिक तौर पर टीम में शामिल होंगे। बता दें कि साउथ अफ्रीका के पास स्पिनर के तौर पर केशव महाराज और तबरेज शम्सी पहले से ही टीम में हैं। लेकिन अभी तक महाराज को ही खेलने का मौका मिला है। लिंडे हाल ही में एसए20 में चैंपियन बनी एमआई केपटाउन की टीम का हिस्सा थे। उन्होंने 11 मुकाबलों में 153.33 की स्ट्राईक रेट से 161 रन बनाए थे और 11 विकेट भी हासिल कि थे। बता दें कि उन्होंने साउथ अफ्रीका के लिए अपना आखिरी वनडे मैच सितंबर 2021 में खेला था। बाएं हाथ के युवा गेंदबाज क्वेना मफाका को भी रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। कप्तान टेम्बा बावुमा और टोनी डी जॉर्जी ठीक हो गए हैं और मंगलवार को साउथ अफ्रीका टीम के साथ ट्रेनिंग कर सकते हैं। बता दें कि दोनों खिलाड़ी बीमार होने के चलते इंग्लैंड के खिलाफ हुए ग्रुप स्टेज मुकाबले का हिस्सा नहीं थे।


# पोंटिंग ने न्यूजीलैंड के मुकाबले दक्षिण अफ्रीका का समर्थन किया

## -लेकिन 'बड़े मैच' में विलियमसन की भूमिका की चेतावनी दी



**दुबई, एजेंसी।** दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर रिकी पोंटिंग ने न्यूजीलैंड के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को पसंदीदा टीम बताया है। उन्होंने प्रोटियाज की लाइनअप में थोड़ा अधिक क्लास और ताकत का हवाला दिया है। हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी कि अगर केन विलियमसन अपनी लय हासिल कर लेते हैं, तो वे अकेले ही मैच को न्यूजीलैंड के पक्ष में कर सकते हैं। मंगलवार को आईसीसी रिव्यू पर बोलते हुए, पोंटिंग ने दोनों पक्षों का विश्लेषण किया और महसूस किया कि दक्षिण अफ्रीका का गहरा और विनाशकारी बल्लेबाजी क्रम उन्हें भारत की तरह बढ़त देता है। पोंटिंग ने कहा, अगर मैं दोनों पक्षों को देखता हूं, तो मुझे लगता है कि दक्षिण अफ्रीकी लाइन-अप में थोड़ा अधिक क्लास है। वे गहराई से बल्लेबाजी करते हैं। मुझे लगता है कि उनके पास न्यूजीलैंड के लिए थोड़ा अधिक ताकत हो सकती है। न्यूजीलैंड की उच्च दबाव की परिस्थितियों में उभरने की क्षमता को स्वीकार करते हुए, पोंटिंग ने उनके सबसे वरिष्ठ बल्लेबाज केन विलियमसन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि विलियमसन को इस मैच में उनके लिए रन बनाने की जरूरत है। हर टीम को बड़े मौकों पर अपने बड़े खिलाड़ियों की जरूरत होती है। बड़े मैच का मतलब है बड़े नाम। चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल से बड़ा कुछ नहीं हो सकता। और विलियमसन बड़े मैचों के खिलाड़ी हैं, वह अपनी भूमिका की विशालता को समझेंगे। अगर वह अपना काम पूरा कर लेते हैं तो मुझे आश्चर्य नहीं होगा। विलियमसन का अभियान मिला-जुला रहा है, पहले के मैचों में फॉर्म के लिए संघर्ष करते रहे लेकिन अंतिम ग्रुप-स्टेज मैच में भारत के खिलाफ 81 रन की पारी के साथ कुछ प्रवाह पाया।

# जरूरतमंद को रक्त की जरूरत पड़ी तो आईटीबीपी जवान ने अस्पताल पहुंचकर किया रक्तदान



**शिवपुरी ब्यूरो।** जिला चिकित्सालय में एक युवक सुमित शर्मा की प्लेट कम होने के कारण जब खून की कमी पड़ी तो ए नेगेटिव रक्त को तलाशने के लिए उनके परिजनों को काफी जद्दोजहद करनी पड़ी। जिला चिकित्सालय में रक्त की उपलब्धता नहीं थी। इसलिए उन्हें जगह-जगह संपर्क किया। अंततः दीपेश राठौर को अस्पताल से सूचना मिली तो उन्होंने अपने भाई के मित्र आईटीबीपी के डिप्टी कमाण्डेंट भूपेन्द्र गोसाईं से संपर्क किया तो उन्होंने तुरंत ने आईटीबीपी एम्बुलेंस भेजकर कुछ जवानों को भेजा, लेकिन ब्लड ग्रुप मेच न होने के चलते फिर आईटीबीपी जवान मंजूनाथ सिंह जिनका ब्लड ग्रुप ए नेगेटिव था, जिला चिकित्सालय रक्तदान के लिए भेजा। जिला चिकित्सालय पहुंचते ही उन्होंने जब रक्तदान किया तो परिवार के लोगों ने हाथ जोड़कर अभिवादन किया। बोले सेना के जवान सड़क पर ही सुरक्षा नहीं करते, वक्त आने पर लोगों की जान भी बचाते हैं। उन्होंने आइटीबीपी के डिप्टी कमाण्डेंट भूपेन्द्र गोसाईं, दीपेश राठौर का आभार भी ज्ञापित किया। डिप्टी कमाण्डेंट भूपेन्द्र गोसाईं ने कहा कि रक्तदान कर दूसरों की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई जा सकती है। रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है। स्वस्थ व्यक्ति एक वर्ष में चार बार रक्तदान कर सकता है। रक्तदान करने से किसी तरह की कमजोरी नहीं होती है। रक्तदान करने के कुछ दिन के बाद ही शरीर में रक्त तैयार हो जाता है। इसलिए स्वस्थ व्यक्ति को हमेशा रक्तदान करते रहना चाहिए।

# निरीक्षक सोनू श्रीवास की टीम ने खनिज माफियाओं पर कसा शिकांजा, एक पनडुब्बी को जलाकर किया नष्ट, एक जेसीबी, 2 ट्रेक्टर ट्राली जब्त

**शिवपुरी ब्यूरो।** कलेक्टर के निर्देशन एवं खनिज अधिकारी प्रमोद शर्मा के मार्गदर्शन में खनिज निरीक्षक सोनू श्रीवास की टीम का खनिज माफियाओं पर लगातार शिकंजा कसता जा रहा है और एक के बाद एक खनिज माफियाओं पर कार्रवाईयां जारी हैं। इसी के चलते आज सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायत के आधार पर करैरा क्षेत्र के मछावली से रेत के अवैध उत्खनन में नदी में लगी पनडुब्बी को जला कर मौके पर नष्ट किया तो वहीं नरवर में सीएम राइज स्कूल कैम्पस से ठेकेदार द्वारा उत्खनन कर मुरम, बोल्डर बेचने के चलते एक जेसीबी और दो ट्रेक्टर ट्राली को जब्त कर नरवर थाने में रखवाया गया है। खनिज निरीक्षक सोनू श्रीवास के दल को नरवर तहसील से अवैध मुरम उत्खनन की शिकायतें प्राप्त जो रही थी जिस पर उनकी टीम ने नरवर क्षेत्र का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान नरवर में सीएम राइज स्कूल के निर्माणकर्ता ठेकेदार द्वारा खनिज मुरम, बोल्डर का शासकीय भूमि स्कूल कैम्पस से उत्खनन कर बाजार में बेचना पाया तथा ठेकेदार द्वारा किसी भी प्रकार के समतलीकरण की अनुमति नहीं ली गई है। ना ही किसी भी प्रकार के उत्खनन एवं परिवहन संबंधी कोई अनुमति होना पाया गया जिस कारण मौके पर से एक जेसीबी एवं दो ट्रेक्टर ट्राली जब्त कर थाना नरवर की सुरक्ष में रखे गए हैं। इसी क्रम में सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त रेत उत्खनन की शिकायत



के संबंध में ग्राम मछावली तहसील करैरा में बिलरऊ नदी के मध्य में एक पनडुब्बी रेत उत्खनन करते हुए पाई गई। खनिज दल को आता देख रेत उत्खननकर्ता मौके पर पनडुब्बी को छोड़कर भाग खड़ा हुआ। अवैध रेत उत्खनन में संलिप्त पनडुब्बी को मौके पर ही जलाकर नष्ट कर दिया गया तथा सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों के निराकरण करते हुए मौका पंचनामा तैयार किया गया।

# देहात पुलिस को लावारिस हालत में मिली नाबालिग बालिका, उसके परिजनों को ढूंढ़ कर किया सुपुर्द




**शिवपुरी ब्यूरो।** देहात थाना पुलिस को रात्रि भ्रमण के दौरान गुना नाके पर एक 16 वर्षीय नाबालिग बालिका लावारिस एवं बदहवास अवस्था में मिली। पुलिस ने बालिका के परिजनों को ढूंढ़ कर उनके सुपुर्द किया। देहात थाना प्रभारी निरीक्षक रत्नेश सिह यादव एवं उनकी टीम के द्वारा लगातार कार्यवाही के क्रम में रात्री गस्त भ्रमण के दौरान एक नाबालिग बालिका उम्र करीब 16 साल को गुना नाका पर लावारिस व बदहवास अवस्था में घूंमते पाया तो गस्त पाईंट द्वारा मौके पर बालिका से पूछताछ की तो बालिका द्वारा ग्राम रायश्री का होना बताया व ज्यादा कुछ बताने में असमर्थ होने बालिका के पास मिले मोबाइल से नम्बर निकालकर परिजनों को फोन से चर्चा करके बुलाया गया तो उसकी मां द्वारा बताया कि बालिका दिमांगी रूप से कुछ कमजोर है जो मेरे सौ रूपये चोरी करने पर मैंने उसे डांट दिया था। वाद हम सभी घर वाले सो गये बालिका घर से फरार हो गई थी । वाद थाना देहात पुलिस द्वारा मुझे फोन करके बताया तब मुझे मालूम चला कि मेरी लड़की घर से कहीं चली गई है।

वाद बालिका को पंचान समक्ष उसके परिजन को सुपुर्द की गई। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक रत्नेश सिह यादव थाना प्रभारी देहात, उनि सपना रावत, प्रआर. देवेन्द्र सेन, प्रआर मोहन सिंह चौहान, आर. सचेन्द्र शर्मा, म.आर. सीतू सिंह, म.आर. कीर्ती शर्मा, आर. राघवेन्द्र रघुवंशी की मुख्य भूमिका रही है।

# स्पेन में आयोजित मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस में छाए सिंधिया, उनके स्टाइलिश लुक की चर्चाएं

## एमडब्ल्यूसी-2025 के तहत बर्सिलोना में भारत का कर रहे हैं प्रतिनिधित्व

**शिवपुरी ब्यूरो।** केंद्रीय मंत्री एवं गुना संसदीय क्षेत्र से सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया इन दिनों अपने स्टाइलिश लुक को लेकर खासे चर्चा में हैं। दरअसल स्पेन के बर्सिलोना शहर में तीन से छह मार्च तक आयोजित हो रही मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस में सिंधिया भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इस आयोजन से जुड़ा उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है जिसमें वे क्लासिक सूट के साथ आंखों पर एक हाई-टेक चश्मा पहने हुए दिखाई दे रहे हैं। इस चश्मे को मेटा एवं रे-बैन के सहयोग से बनाया गया है। एआई फीचर, हाई क्वालिटी कैमरा एवं कनेक्टिविटी जैसी सुविधाओं से लैस इस कैमरे में तकनीक एवं फैशन अनोखा तालमेल है। सिंधिया के इस लुक और तकनीक के प्रति उनकी रुचि को देखकर सोशल मीडिया पर लोग उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं।



**सोशल मीडिया पर पोस्ट किया बातचीत का वीडियो**

मंत्री सिंधिया ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर एक वीडियो शेयर करते हुए अपने अनुभव को साझा किया। सिंधिया ने लिखा- एआई फीचर पर आधारित रे-बैन मेटा चश्मे को आजमाने का अनुभव शानदार रहा। इस दौरान सिंधिया ने चश्मे से आसपास के लोगों की राष्ट्रीयता का अनुमान लगाने के लिए कहा। इस पर सिंधिया ने बताया कि फिलहाल यह एकदम सटीक नहीं है लेकिन यह भविष्य की स्मार्ट टेक्नॉलॉजी की एक झलक जरूर प्रस्तुत कर रहा है। इस आयोजन में सिंधिया ने भारत की तकनीकी प्रगति को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने तथा रणनीतिक सहयोग को मजबूती प्रदान करने के लिए वैश्विक टेक लीडर्स एवं इनोवेटर्स से भी मुलाकात की है।

# करैरा पुलिस ने 7 पेटी देशी शराब के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार, मोटरसाइकिल जब्त




**शिवपुरी ब्यूरो।** करैरा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम हाजीनगर से 7 पेटी देशी प्लेन मदिरा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है। करैरा थाना प्रभारी विनोद छावई के अनुसार आज मुखबिर की सूचना पर आरोपी सूर्यप्रताप सिंह उर्फ भोलू राजा पुत्र सुरेन्द्र सिंह परमार उम्र 25 साल निवासी ग्राम दिदावली थाना अमोला को हीरो डिलेक्स मोटरसाइकिल एवं शराब की पेटियां के साथ नहर के किनारे पानी की टंकी के पास ग्राम हाजीनगर से गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से प्लास्टिक की बोरी मे दो देशी प्लेन शराब की पेटी व पिट्ठू बैग मे 5 देशी प्लेन शराब की पेटी जब्त की है। आरोपी सूर्यप्रताप सिंह उक्त शराब के संबंध मे वैध लायसेंस चाहा तो उसके पास कोई लायसेंस नहीं मिला, आरोपी सूर्यप्रताप सिंह परमार का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट का होने से थाना करैरा पर अपराध क्रमांक 179/25 धारा 34(2) आबकरी एक्ट का पंजीबध्द किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरी0 विनोद छावई, सउनि चरन सिंह, आर. हरेन्द्र गुर्जर, राधेश्याम जादौन, सुरेन्द्र रावत, मलखान गुर्जर की अहम भूमिका रही।


## होली एवं ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित होली एवं ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

**गाड़ी संख्या : 09075/09076 मुम्बई सेन्ट्रल - काठगोदाम - मुम्बई सेन्ट्रल - सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी**

| 09075- मुम्बई सेन्ट्रल - काठगोदाम | | | 09076- काठगोदाम - मुम्बई सेन्ट्रल | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 11:00 | मुम्बई सेन्ट्रल | 20:55 | ---- |
| 07:30 | 07:35 | मथुरा जंक्शन | 01:10 | 01:15 |
| 14:30 | ---- | काठगोदाम | ---- | 17:30 |

**मुम्बई सेन्ट्रल से** : गाड़ी संख्या 09075 प्रत्येक बुधवार दिनांक 12, 19 एवं 26 मार्च 2025, दिनांक 02,09,16,23 एवं 30 अप्रैल 2025, दिनांक 07,14,21 एवं 28 मई 2025 एवं दिनांक 04,11,18 एवं 25 जून 2025

**काठगोदाम से** : गाड़ी संख्या 09076 प्रत्येक गुरूवार दिनांक 13,20 एवं 27 मार्च 2025, दिनांक 03,10,17 एवं 24 अप्रैल 2025, दिनांक 01,08,15,22 एवं 29 मई 2025 एवं दिनांक 05,12,19 एवं 26 जून 2025

**गाड़ी संरचना** : वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-05, स्लीपर-08, सामान्य श्रेणी-02

**गाड़ी संख्या : 09185/09186 मुम्बई सेन्ट्रल - कानपुर अनवरगंज - मुम्बई सेन्ट्रल (साप्ताहिक) सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी**

| 09185-मुम्बई सेन्ट्रल-कानपुर अनवरगंज | | | 09186-कानपुर अनवरगंज-मुम्बई सेन्ट्रल | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 11:00 | मुम्बई सेन्ट्रल | 20:55 | ---- |
| 07:30 | 07:35 | मथुरा जंक्शन | 01:10 | 01:15 |
| 15:35 | ---- | कानपुर अनवरगंज | ---- | 18:25 |

**मुम्बई सेन्ट्रल से** : गाड़ी संख्या 09185 प्रत्येक रविवार दिनांक 09,16,23 एवं 30 मार्च 2025, दिनांक 06,13, 20 एवं 27 अप्रैल 2025, दिनांक 04,11,18, एवं 25 मई 2025 एवं दिनांक 01,08,15,22 एवं 29 जून 2025

**कानपुर अनवरगंज से** : गाड़ी संख्या 09186 प्रत्येक सोमवार दिनांक 10,17,24 एवं 31 मार्च 2025, दिनांक 07,14,21 एवं 28 अप्रैल 2025, दिनांक 05,12,19 एवं 26 मई 2025 एवं दिनांक 02,09,16,23 एवं 30 जून 2025

**गाड़ी संरचना** : वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-05, स्लीपर-12, सामान्य श्रेणी-02

**गाड़ी संख्या : 09101/09112 वडोदरा जंक्शन - हरिद्वार - वडोदरा जंक्शन सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी**

| 09101 - वडोदरा - हरिद्वार | | | 09102 - हरिद्वार - वडोदरा | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 19:00 | वडोदरा जंक्शन | 11:25 | ---- |
| 06:25 | 06:27 | मथुरा जंक्शन | 00:28 | 00:30 |
| 14:30 | ---- | हरिद्वार | ---- | 17:20 |

**वडोदरा जंक्शन से** : गाड़ी संख्या 09101 प्रत्येक शनिवार दिनांक 08,15,22 एवं 29 मार्च 2025, **हरिद्वार से** : गाड़ी संख्या 09102 प्रत्येक रविवार दिनांक 09,16,23 एवं 30 मार्च 2025

**गाड़ी संरचना** : वातानुकूलित प्रथम श्रेणी-01, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-05, स्लीपर-08, सामान्य श्रेणी-03

नोट : ट्रेनों की समय-सारणी के सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Railmadad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailway.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 417/25 (C)


# पोहरी सीईओ शर्मा के समर्थन में आए दो सैकड़ा से अधिक कर्मचारी हुए एकजुट, सौंपा ज्ञापन

## बोले- उन्हें हटाया तो करेंगे भूख हड़ताल, नियम विरुध्द कार्य करने का दबाव बना रहे 4 जनपद सदस्य, शेष 18 जनपद सदस्य सीईओ के समर्थन में




**शिवपुरी ब्यूरो।** पोहरी जनपद पंचायत के सीईओ गिर्राज शर्मा के समर्थन में बड़ी संख्या में कर्मचारी एकजुट हो गए हैं। आज 200 से अधिक सरपंच, सचिव और ग्राम रोजगार सहायक एसडीएम कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने कलेक्टर शिवपुरी के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और कहा कि अगर सीईओ को हटाया गया तो हम सभी हड़ताल पर चले जाएंगे। सरपंच संघ, सचिव संघ, ग्राम रोजगार सहायक संघ, जनपद स्टाफ संघ द्वारा ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि जनपद सीईओ बेहद ईमानदार, स्वच्छ छवि के व्यक्ति हैं जिसके कारण कुछ जनपद सदस्य जो गलत काम के लिए दवाब बना रहे थे जब सीईओ साहब ने इनके गलत काम करने के मंसूबे पर पानी फेर दिया तब इनके द्वारा दवाब बनाने के लिए कलेक्टर को झूठा ज्ञापन दिया गया और रही बात विकास कार्यो की तो जबसे जनपद सीईओ गिर्राज शर्मा पोहरी में पदस्थ हुए तो सभी काम तेजी से हो रहे हैं। शासन की विभिन्न योजनाओं में जनपद पोहरी अव्वल रहने लगा है। जनमन में प्रदेश ही नहीं अपितु देश स्तर पर जनपद का नाम रोशन किया है जो एक ऐतिहासिक बात है जनपद पोहरी के लिए। इसी के साथ जनपद सीईओ गिर्राज शर्मा सभी को साथ लेकर सभी के काम समय पर निपटाने वाले सीईओ हैं। अगर इनको यहाँ से हटाया जाता है तो कुछ जनपद सदस्य जो कि गलत कार्य कराने वाले जनपद सदस्य है षड्यंत्रपूर्वक उनको हटाना चाहते है, व्यक्तिगत हितों की पूर्ति के लिए। अतः अगर गिर्राज शर्मा को पोहरी से हटाया जाता है तो हम सभी हड़ताल पर जायेंगे।

# वीरांगना रानी अवंती बाई का बलिदान दिवस मनेगा भव्यता से, बैठक में बनी रूपरेखा

**शिवपुरी ब्यूरो।** लोधी समाज द्वारा वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस को भव्य रूप से मनाने की आयोजन को लेकर शिवपुरी लोधी छात्रावास पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें समस्त जिले में निवासरत लोधी समाज के समाज बंधुओं ने भाग लिया। बैठक में मुख्य रूप से 23 मार्च को आयोजित होने वाली शहीद वीरांगना अवंती बाई लोधी जी 1857 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के बलिदान दिवस कार्यक्रम चल समारोह के आयोजित कर एक सभा के साथ कार्यक्रम किया जाएगा। इस कार्यक्रम को व्यवस्थित करने के लिए सभी विधानसभा में बैठक तय की गई। इन बैठकों के बाद ब्लॉक स्तर पर भी बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में उपस्थित सभी समाज बंधुओं द्वारा तन मन धन से कार्यक्रम में सहयोग करने की सहमति प्रदान की।




# आगे राशन मिलने में ना हो असुविधा इसलिए समय रहते कारण ई केवाईसी

**शिवपुरी ब्यूरो।** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंतर्गत प्रतिमाह पात्र परिवारों को निशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। ऐसे पात्र हितग्राहियों की पहचान सुनिश्चित करके वास्तविक हितग्राहियों को ही निशुल्क खाद्यान्न वितरण करने तथा दोहरे और अपात्र हितग्राहियों को पोर्टल से विलोपन करने के लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा हितग्राहियों की ई केवाईसी किया जाना अनिवार्य किया गया है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जिले की समस्त 687 उचित मूल्य दुकानों पर लगाई गई पीओएस मशीनों पर पात्र हितग्राहियों के ईकेवाईसी कराई जाने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। ऐसे हितग्राही जो राशन प्राप्त कर रहे हैं परंतु अभी तक उन्होंने ईकेवाईसी नहीं कराई है वह जल्द संबंधित उचित मूल्य की दुकान पर जाकर ई केवाईसी कराएं,जिससे आगे उन्हें राशन प्राप्त करने में कोई असुविधा न हो। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी ममता शाक्य ने बताया कि अभियान चलाकर जिले में हितग्राहियों की ईकेवाईसी का काम किया जा रहा है। पिछले एक सप्ताह में लगभग 85000 हितग्राहियों के ईकेवाईसी किए जा चुके हैं। अनुभाग स्तर पर शिवपुरी में 6815, पोहरी में 3981, करेरा में 5926, कोलारस में 17422, और पिछोर में 11609 हितग्राहियों के ई केवाईसी कराए गए हैं। इसके अलावा उचित मूल्य दुकान स्तर पर विक्रेता द्वारा ई केवाईसी की जा रही है। हितग्राही अपनी ई केवाईसी की जानकारी विक्रेता से प्राप्त कर सकते हैं और अभी तक जिन्होंने ई केवाईसी नहीं कराई है वह संबंधित उचित मूल्य दुकान पर जाकर केवाईसी कराएं।

# दरियापुर से श्री रतनगढ़ माता मंदिर तक 1500 मीटर की चुनरी यात्रा में हजारों संख्या में सम्मिलित हुए भक्तगण

## धर्मिक कार्यक्रमों से होती है आत्मा पवित्र, हर साल होगा चुनरी यात्रा आयोजन- पुष्पा सिंह कुशवाह

**भिण्ड।** सभी देवस्थलों के भानेज कह जाने वाले सनकुआं धाम के पवित्र स्थल से श्री रतनगढ़ माता चुनरी यात्रा आयोजन किया गया जिसमे भगत पहलाद दरियापुर, इंदल पुजारी,अरुण भगत नरौल, मुनेश भगत खजूरी, हरि सिंह कुशवाहा,आरपी सिंह, गयाप्रसाद पुजारी,पतोगी दादा, रानू भगत, अनिल,अशोक, सोनू, विकास, पंकज, रामकरण, कल्लू , मनीष, केशव,बृजेश,गोलू भगत की अहम भूमिका रही।कार्यक्रम का शुभारभ ग्राम दरयापुर से किया गया जिसमे सभी ग्रामवासी भक्तगणों ने बड़चढ़ कर भागेदारी की।चुनरी की लंबाई 1500मीटर थी जिसे अपने हाथो में लेकर भक्तगण पैदल कई किलोमीटर लंबी कतार के साथ मां रतनगढ़ मंदिर पहुंचे। रैली में आधा दर्जन डीजे साउंड भी मौजूद रहे।मां रतनगढ़ माता की चुनरी यात्रा का स्वागत सैकड़ों जगह किया गया। यात्रा में कई समाजसेवियों ने स्टोल लगा के फल इत्यादि सामग्री का वितरण भी किया गया इसी बीच भाजपा मंडल उपाध्यक्ष व कार्यक्रम आयोजन समिति सदस्य समाजसेविका पुष्पा सिंह कुशवाह द्वारा सभी भक्तजनों के लिए रैली प्रारंभ से लेकर अंतिम मंदिर तक जलपान की व्यवस्था की एव थक जाने वाले भक्तजनों के लिए कार की भी व्यवस्था की।देर शाम मां रतनगढ़ माता में आरती के समय चुनरी यात्रा का समापन किया गया एव सभी चुनरी में सम्मिलित भक्तजनों के लिए प्रसादी की भी व्यवस्था की गई थी।चरण सेवक भगत प्रहलाद सिंह ने मातारानी के चरणों में समस्त प्रदेश जिलेवासियों को सुखद समरद खुशहाल रहे कामना की।



# नेशनल लोक अदालत के लिये प्रचार वाहन रवाना किया गया



**मुरैना,कांस।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं माननीय श्रीमती संगीता मदान, प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना के मार्गदर्शन में 08 मार्च 2025 को न्यायालय परिसर जिला मुख्यालय मुरैना एवं तहसील विधिक सेवा समिति अम्बाह, तहसील विधिक सेवा समिति जौरा, तहसील विधिक सेवा समिति सबलगढ में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है जिसके व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार के लिये 04 फरवरी 2025 को एडीआर भवन जिला न्यायालय परिसर मुरैना से श्रीमती संगीता मदान प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना द्वारा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। लोक अदालत में दीवानी प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा अभिकरण से संबंधित प्रकरण, बैंकों के प्रकरण, विद्युत प्रकरण, चैक के अनादरण से संबंधित प्रकरण एवं राजीनामा योग्य दाण्डिक लंबित प्रकरणों तथा प्रीलिटिगेशन प्रकरणों आदि का निराकरण पक्षकारों के आपसी समझौते के आधार पर किया जावेगा। इस अवसर पर श्री अविनाश चन्द्र तिवारी विशेष न्यायाधीश मुरैना, जिला मुख्यालय मुरैना के समस्त न्यायाधीशगण, श्री देवेश शर्मा जिला विधिक सहायता अधिकारी मुरैना, अधिवक्तागण एवं श्री अभिषेक चौरसिया डीजीएम विद्युत विभाग मुरैना तथा न्यायालय के कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे। आमजन से अपील है कि 08 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में आपसी राजीनामा के माध्यम से अपने अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण करा कर लाभ प्राप्त करें।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में 128 आवेदनकर्ताओं को सुना

### अनुपस्थित अधिकारियों के वेतन काटने के दिये निर्देश



**मुरैना,कांस।** सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार प्रत्येक मंगलवार को पूर्वान्ह 11 से दोपहर 01 बजे तक जिला, खंड, नगरीय निकाय, पंचायत स्तर पर हर कार्यालय में जनसुनवाई करने के निर्देश हैं। जिला मुख्यालय पर कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने मंगलवार को 128 आवेदनकर्ताओं को जनसुनवाई के दौरान सुना। जिनमें 2 आवेदन ऐसे पाये गये, जिनका निराकरण टीएल बैठक में ही संभव था। जनसुनवाई के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री कमलेश भार्गव, संयुक्त कलेक्टर श्री शुभम शर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्री नाडिया, डिप्टी कलेक्टर श्री सुश्री मेघा तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अस्थाना ने कहा कि अधिकारी जनसुनवाई के आवेदनों पर विशेष ध्यान दें, ताकि लोगों की शिकायतों का समय पर निराकरण हो सकें। जनसुनवाई के दौरान पीएमजीएसवाय, जिला रोजगार अधिकारी के अनुपस्थित रहने के कारण एक दिन का वेतन काटने एवं डीईओ ट्रायबल के तीन दिन का वेतन काटने के निर्देश कलेक्टर ने दिये।

# विधानसभा अध्यक्ष का किया भव्य स्वागत झुण्डपुरा





**झुंडपुरा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री माननीय नरेंद्र सिंह तोमर एवं सांसद शिव मंगल सिंह तोमर जिला अध्यक्ष कमलेश कुशवाहा एवं योगेश पाल गुप्ता के अटार जाते समय झुण्डपुरा कैनाल पर कस्बे के स्थानीय लोगों और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नगरागमन पर विधानसभा अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया। प्राप्त जानकारी अनुसार कस्बे के भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के नगर आगमन पर कैनाल रोड पर बड़ी संख्या में पहुंचकर भव्य स्वागत किया ।इस अवसर पर पुष्प माला पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया स्थानीय लोगों और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नगरागमन पर विधानसभा अध्यक्ष को आवेदन देकर सेमई -कढावना वाया झुण्डपुरा तथा नेपरी- झुण्डपुरा कैनाल वाया खेड़ा कलां माधौगढ़ मार्ग का उन्नयन कर सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत करने की मांग की जिससे स्थानीय लोगों के साथ यात्रीयों की परेशानी का हल हो सके। इस अवसर पर सिद्धनाथ मरैया, शैलेन्द्र सिंह सिकरवार, दुर्गेश रावत, धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार पहलवान, अंकुश जगा, दिलीप बंसल, चन्द्रशेखर शर्मा, रिषीपाल रावत, मोनू रावत, सत्यपाल सिंह, अनुराग जगा,पवन मरैया, मनोज सिंह, सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने अधिकारियों को बिना अनुमति मुख्यालय न छोड़ने के जारी किये निर्देश

**मुरैना,कांस।** मध्यप्रदेश विधानसभा का सत्र 10 मार्च से प्रारंभ हो रहा है जो कि 24 मार्च 2025 तक जारी रहेगा। जिसके तहत विधान सभा प्रश्नों के जवाब समय-सीमा में प्रतिदिन भिजवाना आवश्यक होता है।

जिसे दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर ने सभी जिला कार्यालय प्रमुख, जिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिये है कि वह मुख्यालय पर निवास करते हुए शासकीय कार्य संपादित करें। साथ ही यह निर्देश दिये हैं कि बिना कलेक्टर की अनुमति के किसी भी प्रकार के अवकाश पर अधिकारी प्रस्थान नहीं करेंगें और ना ही बिना अनुमति के मुख्यालय छोड़ेंगे।

उन्होंने कहा है कि सभी कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी निर्देशित करें कि वह भी सक्षम अधिकारी से अवकाश स्वीकृति के उपरांत ही मुख्यालय छोड़ेंगे। अनुविभाग स्तर के सभी विभाग जैसे स्वास्थ्य विभाग, विधुत विभाग, नगरपालिका, नगर पंचायत, जनपद पंचायत, राजस्व विभाग (तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी) स्तर के अधिकारी, कर्मचारी विशेष परिस्थिति में सबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) से अवकाश स्वीकृत कराने के उपरांत ही मुख्यालय छोड़ेंगे।

# सबलगढ़ एसडीएम ने आंगनबाड़ी एवं परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण



**मुरैना,कांस।** सबलगढ़ एसडीएम श्री अरविंद माहौर ने ग्राम पंचायत अटार के रावतपुरा गांव में आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमियां पाये जाने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और समूह संचालक को नोटिस जारी। इसी प्रकार टीएल में निर्देशानुसार बोर्ड परीक्षा के संवेदनशील केन्द्रों का निरीक्षण किया।

# मुरैना जिले में 31 मार्च तक चलाया जा रहा निरोगी काया अभियान

**मुरैना,कांस।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा 30 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों में बीपी, सुगर की जल्दी पहचान कर उपचार के लिये निरोगी काया अभियान 20 फरवरी से 31 मार्च तक चलाया जा रहा है। मुरैना जिले में कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पदमेश उपाध्याय के मार्गदर्शन में अभियान के दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर, उप स्वास्थ्य केन्द्र, ग्रामीण एवं शहरी प्राथमिकता स्वास्थ्य केन्द्र और मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक में 30 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों की संचारी रोगो की जांच उपचार एवं दवाईयां दी जा रही है। निरोगी काया अभियान के जिला नोडल ऑफीसर डॉ. चन्द्रकांत दुबे ने बताया कि अभियान में 42799 नागरिकों की जांच हो चुकी है। जिसमें बीपी के 21589 एवं सुगर के 21210 नागरिकों की जांच सम्मिलित है।

# चम्बल भवन में जनसुनवाई में 11 आवेदनकर्ताओं को सुना गया

**मुरैना,कांस।** चम्बल भवन मुरैना में ग्वालियर-चम्बल संभाग के कमिश्नर श्री मनोज खत्री के निर्देशन में संयुक्त आयुक्त विकास श्री राजेन्द्र सिंह ने मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान 11 आवेदकों की समस्याओं को सुना। संयुक्त आयुक्त विकास श्री सिंह ने 11 आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता के साथ सुनकर निराकरण करने का आश्वासन दिया।

# विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट के लिए युवा 9 मार्च तक आवेदन कर सकेंगे

**शिवपुरी ब्यूरो।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव को विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट के रूप में पुन डिजाइन किया गया है। यह कार्यक्रम युवाओं को वर्ष 2047 के विकसित भारत के दृष्टिकोण में योगदान देने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इस प्रतियोगिता के लिए शिवपुरी को नोडल जिला बनाया गया है। जिसके अंतर्गत शिवपुरी एवं श्योपुर जिले के 18 से 25 वर्ष आयु के युवा भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता का आयोजन नोडल महाविद्यालय शासकीय कन्या महाविद्यालय शिवपुरी के तत्वाधान में किया जाएगा। ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 9 मार्च को 12 बजे तक निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता प्रक्रिया अंतर्गत पंजीकरण के लिए प्रतिभागी माय भारत पोर्टल पर प्रोफाइल बनाकर अप्लाई नाओ बटन पर क्लिक करें। वीडियो सबमिशन के लिए प्रोफाइल पूरा करने के बाद आपके लिए विकसित भारत का क्या अर्थ है? विषय पर वीडियो अपलोड करना अनिवार्य होगा।

**चयन प्रक्रिया**

अपलोड किये गए वीडियो में से 150 उत्कृष्ट वीडियो को चयनित किया जाएगा। इन 150 चयनित प्रतिभागियों को नोडल महाविद्यालय में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर विचार रखने के लिए आमंत्रित किया जायेगा। इन 150 प्रतिभागियों में से राज्य स्तर के लिए शीर्ष 10 युवा चुने जाएंगे। राष्ट्रीय स्तर के विजेताओं को दिल्ली में आयोजित विजन पार्लियामेंट में अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। राष्ट्रीय स्तर के विजेताओं को मंत्रीगण एवं विशेषज्ञों के समक्ष अपने दृष्टिकोण को प्रस्तुत करने का मौका मिलेगा। युवाओं से अपील की जाती है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस प्रतियोगिता में भाग लें और विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें।

# खुले गड्ढे दे रहे हैं दुर्घटना को आमंत्रण



**बानमोर।** बानमोर सिंधिया मार्केट के सामने खुले पड़े गंदे पानी के नाले के जानलेवा गड्ढे के कारण राहगीर तथा दो पहिया वाहन चालक आए दिन चोटिल हो रहे हैं।बिदित हुआ है कि नगर परिषद अधिकारियों की अनदेखी के कारण यहां सिंधिया मार्केट के सामने खुले पड़े गंदे पानी के नाले के गड्ढे में गिरकर दो पहिया वाहन चालक तथा राहगीर आए दिन दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। व्यापार मंडल द्वारा कई बार शिकायत करने के बावजूद भी नगर परिषद सीएमओ द्वारा इस और अभी तक ध्यान नहीं दिया जा रहा है। दुर्घटना का शिकार हुए रामवीर कुशवाह तथा इरशाद खान ने बताया है कि रोड पर पिछले 1 वर्ष से बने जानलेवा गड्ढे के कारण गत रात्रि अंधकार होने से उसकी सीएनजी ऑटो तथा मोटरसाइकिल गड्ढे के किनारे निकल रहे लोहे के सरयौ के कारण गाड़ियों के टायर फटकर हजारों रुपए का नुकसान हो चुका है।

# पोरसा में रिजल्ट घोशित होने से पहले पुनः जचवाई जा रही है, कक्षा 9 व 11 वीं की कॉपियॉ

### शासन के आदेशो को ताक पर रखकर शिक्षा विभाग में हो रही है, मनमानी
### जिला शिक्षा अधिकारी नही जुटा पा रहे है, कार्यवाही करने की हिम्मत

**मुरैना,कांस।** जिले भर में इस समय बोर्ड परीक्षाऐं संचालित हो रही है, वही कक्षा 9 और 11 वीं की परीक्षाओ का मूल्यांकन कराकर उनका रिजल्ट बन रहाहै। लेकिन जिले के एक परीक्षा केन्द्र पर कक्षा 9 और 11 बी की परीक्षाओ का मूल्यांकन होने के बाद भी शासन एवं बिना वरिष्ठ अधिकारियो के आदेश के परीक्षा परिणाम घोशित होने से पहले ही पुर्नमूल्यांन कराना चर्चा का विषय बना हुआ है। एक शिक्षक ने जब बिना वरिष्ठ अधिकारियो के आदेश के मूल्यांकन करने से मना करने पर उसे नोटिस देकर परेशान करने का मामला भी प्रकाश में आया है, जिसकी षिकायत षिक्षक ने जिला षिक्षा अधिकारी सहित आला अधिकारियो को इसकी षिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले के पोरसा ब्लाक अन्तर्गत आने वाले शासकीय कन्या हायर सेकेण्ड्री स्कूल में बोर्ड परीक्षाओ से पहले कक्षा 9 वीं एवं 11 वीं की परीक्षाऐं सम्पन्न कराकर कॉपियो को मूल्यांकन के लिए शासकीय उत्कृश्ट विद्यालय पोरसा में भेजी गई थी। विद्यालय प्राचार्य ने विशवार परीक्षाओ का मूल्यांकन कराया गया। लेकिन इस मूल्यांकन से षासकीय कन्या हायर सेकेण्ड्री पोरसा के प्रभारी प्राचार्य संतुश्ट नही थे और उन्होने उत्कृश्ट विद्यालय की प्राचार्या से सांठगांठ कर शासन के नियमो को ताक पर रखकर कक्षा 9 व 11वीं की सामाजिक विज्ञान एवं राजनीति षास्त्र की कॉपियो को अपने विद्यालय मंगवाकर पुर्नमूल्यांकन करने के लिए विद्यालय के व्याख्याता संदीप सिंह तोमर एवं विजय सिंह तोमर को दी गई। जब व्याख्याता संदीप सिंह तोमर ने कहा कि पुर्नमूल्यांकन मैं वगैर वरिश्ठ अधिकारियो के आदेष के बिना नही करूॅंगा। इस बात को लेकर प्रभारी प्राचार्य एवं व्याख्याता के बीच काफी तूतू मैं मैं हुई जो कि सोशल मीडिया भी वायरल हो रही है। सूत्रों का कहना है कि षासकीय उत्कृश्ट उ.मा.वि. पोरसा के व्याख्याता अनिल कुजूर ने विभागीय अधिकारियों एवं प्रेस को भेजे गए आवेदन में कहा कि शा.उत्कृष्ट उ.मा.वि. पोरसा को कक्षा 9वीं एवं 11वीं के लिए मूल्यांकन केन्द्र बनाया गया है, जिसमें छात्रों का मूल्यांकन पूर्ण होकर संबंधित विद्यालयो द्धारा परीक्षाफ्ल तैयार किए जा रहे है। लेकिन शा.क.हा.से. स्कूल पोरसा के प्रभारी प्राचार्य एवं शा.उत्कृष्ट विद्यालय की प्राचार्या के द्धारा मिलकर षडयंत्रपूर्णक शासन के नियमो को ताक पर रखकर कक्षा 9 व 11 वीं का पुर्नमुल्यांकन कराया जा रहा है। इनके षणयंत्र का खुलासा एवं शिकायत करने पर व्याख्याता को तरह-तरह से टारगेट किया जा रहा है। जब इस बारे में समाचार पत्र ने संबंधित जिम्मेदार अधिकारियो से बात की तो उनका कहना है कि-

पुनः मूल्यांकन नही होता है,पुनः गणना होती है, वो भी जब बच्चा चाहता है तब,पोरसा वाला मामला मेरे संज्ञान में नही है, इस बारे में

बीईओ से जांच कराता हूॅ।

**सुधीर सक्सैना, जिला शिक्षा अधिकारी मुरैना**

ये हमारा मैटर है, हम देख लेगें कोई गलती हुई होगी तो कॉपी भेजी होगी, तुम इसे इस्यु क्यों बना रहे हो। और उसके बाद फोन काट दिया।

**नीलम गुप्ता, प्रभारी प्राचार्य शा.उत्कृष्ट उ.मा.वि.पोरसा**

हमारे विद्यालय के कक्षा 9 वीं और 11 वीं की कॉपी उत्कृष्ट विद्यालय में चैक होने भेजी थी, उत्कृष्ट के प्राचार्य ने कॉपियो को चैक करा दिया था, उसके बाद हमारे प्राचार्य एवं उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्या ने सांठगॉठ कर बिना वरिष्ठ अधिकारियो के आदेश के कॉपियो को अपने विद्यालय में लेकर आए और मुझसे पुनः मूल्यांकन करने को कहॉ तो मैने वरिष्ठ अधिकारियो के आदेश होने पर ही मूल्यांकन करने को कहा इसी बात को लेकर प्राचार्य ने मुझे नोटिस दिया है। इस पूरे घटनाक्रम के बारे में मैंने जिला शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सहित वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत करा दिया है।

**संदीप सिंह तोमर, व्याख्याता शा.उ.मा.वि. पोरसा**

# युवाओं और उद्योगों के बीच की दूरी होगी कम : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### जीआईएस-भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण एजेंसियों के साथ हुए एमओयू






**भोपाल,ब्यूरो ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-भोपाल रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और रोड-शो के परिणामस्वरूप, मध्यप्रदेश निवेशकों के लिए एक आकर्षक केंद्र बना। साथ ही कुशल मैन पॉवर उपलब्ध कराने वाला आदर्श स्थान पर बन गया है। प्रदेश सरकार ने इंडस्ट्री और स्किल डेवलपमेंट को आपस में जोड़ते हुए ÷इंडस्ट्री-रेडी वर्क फोर्स÷ तैयार करने की दिशा में कई रणनीतिक साझेदारियां की हैं। इससे लाखों युवाओं को प्रत्यक्ष और परोक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। जीआईएस-भोपाल में कौशल विभाग ने कई देशी-विदेशी एजेंसियों के साथ एमओयू किये। ये एजेंसियां आधुनिक तकनीक को ध्यान में रखते हुए एडवांस ट्रेड्स एवं विधाओं का कौशल प्रशिक्षण देंगी। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और निवेशकों को कुशल वर्क फोर्स मिलेगा। जीआईएस में युवाओं के कौशल विकास एवं रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिये संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा 8 एमओयू साइन किये गये। इंडो-जर्मन ग्रीन स्किल्स (जीआईजेड) और कंपनी श्नाइडर इलेक्ट्रिक के सहयोग से ग्रीन एनर्जी क्षेत्र में सिमुलेशन-बेस्ड ट्रेनिंग शुरू की जा रही है। इससे इलेक्ट्रिशियन और सोलर तकनीशियन जैसे ट्रेड्स में कुशल युवाओं की मांग पूरी होगी। इसी प्रकार, जीआईजेड और सिमेंस इंडिया की साझेदारी आईटी प्रशिक्षुओं को इंडस्ट्री-रेडी ग्रीन स्किल्स प्रदान करेगी। इससे प्रदेश में सतत् और समावेशी व्यावसायिक कार्यक्रमों को मजबूती मिलेगी। साइन्टेक टेक्नोलॉजीज और अपनाटाइम टेक प्रा. लि. के साथ मिलकर ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग और अपस्किलिंग की पहल की जा रही है। इससे इंडस्ट्री की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रतिभा को विकसित किया जा सकेगा। यह कंपनी अपने डिजिटल भर्ती प्लेटफॉर्म से प्रदेश के युवाओं को संभावित नियोक्ताओं से जोड़ेगी, इससे रोजगार प्राप्त करने की प्रक्रिया सरल और व्यापक होगी।

ग्वालियर के सरकारी डिविजनल आईटीआई में इलेक्ट्रिशियन ट्रेड के प्रशिक्षुओं को मार्तंडक सोलर एनर्जी प्रा. लि. द्वारा प्रशिक्षित एवं प्रायोजित किया जाएगा। इससे तकनीकी शिक्षा और उद्योग की मांग के बीच संतुलन स्थापित होगा। उन्नति फाउंडेशन स्वयम पोर्टल के माध्यम से रोजगार उन्मुख ऑनलाइन पाठ्यक्रम, साइकोमेट्रिक विश्लेषण और कैरियर गाइडेंस प्रदान कर रही है, जिससे युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ेगी।

प्रदेश के युवाओं को वैश्विक अवसरों से जोड़ने के लिए वन वर्ल्ड एलायंस जापान के सहयोग से जापानी भाषा और आवश्यक कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे वे जापान में भी रोजगार के लिए तैयार हो सकेंगे।

मध्यप्रदेश में ग्रीन स्किल्स और इंडस्ट्री-रेडी वर्क फोर्स को बढ़ावा देने के लिए बहुपक्षीय सहयोग जीआईएस-भोपाल के प्रभावी परिणामों के रूप में, मध्यप्रदेश में कौशल विकास और रोजगार अवसरों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ सहयोग स्थापित किए गए हैं। इंडस्ट्री-फोकस्ड प्रशिक्षण कार्यक्रमों और व्यावसायिक शिक्षा को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण साझेदारियों को मूर्त रूप दिया गया है।

इंडो-जर्मन ग्रीन स्किल्स (जीआईजेड) और कंपनी श्नाइडर इलेक्ट्रिक ने ÷सिमुलेशन-बेस्ड वोकेशनल ट्रेनिंग फॉर ग्रीन एनर्जी जॉब्स÷ (ग्रीन स्किल्स) परियोजना के तहत प्रदेश में इलेक्ट्रिशियन और सोलर तकनीशियन ट्रेड के व्यावसायिक प्रशिक्षण की गुणवत्ता को उन्नत करने के लिए एसएसआर ग्लोबल स्किल पार्क और कौशल विकास निदेशालय के साथ समझौता किया है।

# ग्राम पंचायत नेहरखेड़ा में काम अधूरा, भुगतान पूरा निकाल लिया

(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**विजयपुर।** ग्राम पंचायत नेहरखेड़ा में मनरेगा योजना के तहत किए गए निर्माण कार्य को लेकर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। ग्रामीण सुदामा धाकड़ ने प्रशासन को शिकायत देते हुए बताया कि पंचायत में पुलिया निर्माण कार्य का 7लाख49 हजार का पूरा भुगताननिकाल लिया है, जबकि कार्य अभी अधूरा है।शिकायतकर्ता के अनुसार, रोजगार सहायक रामनिवास धाकड़ और पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा बिना कार्य पूरा किए पूरा भुगतान निकाल लिया गया। साथ ही, अब तक ग्राम सभा की बैठक भी आयोजित नहीं की गई है, जिससे ग्रामीणों को जानकारी नहीं मिल पाई।सुदामा धाकड़ ने इस मामले की शिकायत जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन देकर की है और दोषियों पर उचित कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने मनरेगा कार्यों की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की अपील की है।

# हुटर बजाना बना ग्लैमर, गाड़ियों पर नंबर प्लेट की जगह पद नाम डालकर दिखा रहे रॉब, राजनीतिक संरक्षण की वजह से पुलिस नहीं दिखा पा रही हिम्मत

**मुरैना,कांस।** शहर एवं जिलेभर में इन दोनों चार पहिया वाहनों में हुटर बजाने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है और अधिकांश वाहन जो किसी भी शासकीय या राजनीतिक मापदंड में नहीं आते, वह भी इसका उपयोग कर रहे हैं और इसका गलत संदेश लोगों में जा रहा है द्य चिंता की बात यह है की जगह-जगह चौराहों पर पुलिस चेकिंग अभियान चलाती रहती है, लेकिन ऐसे वाहन चालकों पर कोई कार्रवाई नहीं होती, वहीं तमाम चार पहिया एवं दोपहिया वाहनों पर नंबर प्लेट के स्थान पर पद नाम या जातीय शब्द लिखकर कानून व्यवस्था का मजाक उड़ाया जा रहा है। पिछले काफी समय से मुरैना शहर व जिले में चार पहिया गाड़ियों में हुटर लगाकर उसे बजाने का फैशन चल गया है और यह फैशन कभी-कभी पुलिस पर भी भारी पड़ रहा है द्य शहर में पुलिस की आंखों के सामने हुटर बजाते हुए तमाम ऐसे वाहन निकल जाते हैं और वर्दी कोई कार्रवाई नहीं कर पाती द्य कभी-कभी अपराधी किस्म के लोग भी ऐसे वाहनों का उपयोग करते हैं और वारदात कर हुटर बजाते निकल जाए तो पुलिस को पता भी नहीं पड़ेगा द्य तत्कालीन पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजानिया के समय ऐसे हुटर वाले वाहनों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई थी, लेकिन उसके बाद से मुरैना जिले में कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जिसके कारण हुटर का दुरुपयोग किया जा रहा है। शहर व जिले में नंबर प्लेट न लगाकर पद नाम वाली प्लेट चिपका दी जाती है या फिर उस पर ठाकुर, ब्राह्मण, क्षत्रिय, गुर्जर आदि की प्लेट लगा दी जाती है द्य ऐसे हजारों वाहन जिले में घूम रहे हैं, लेकिन पुलिस इन पर कोई कार्यवाही नहीं कर रही, यह समझ से परे है द्य पिछले कुछ वर्षों से मुरैना में यह ट्रेंड चल निकला है और अधिकांश चार पहिया वाहनों पर नंबर प्लेट के स्थान पर बड़े-बड़े अक्षरों में पार्षद, सभापति, महापौर, विधायक, पूर्व विधायक, सचिव, सरपंच, अध्यक्ष सहित तमाम पद लिखे रहते हैं और नंबर छोटे अक्षरों में दिखाई देते हैं अथवा कई वाहनों पर तो होते भी नहीं है, जबकि मोटर व्हीकल एक्ट के तहत इन पर पुलिस को तत्काल कार्रवाई करना चाहिए, लेकिन मुरैना पुलिस लगता है अपना दायित्व भूल चुकी है और दबंगो के आगे नतमस्तक नजर आ रही है द्य यही हाल टू व्हीलर वाहनों का है, उन पर तो नंबर ही दिखाई नहीं देते और बड़े-बड़े अक्षरों में ठाकुर, ब्राह्मण, गुर्जर लिखकर रोब दिखा रहे हैं द्य बुद्धिजीवियों का कहना है कि कानून की अनदेखी करने का मुख्य कारण राजनीतिक संरक्षण है और उसी के कारण यह लोग कानून व्यवस्था को मजाक समझ रहे हैं द्य इस तरह की गतिविधियां करने वालों पर पुलिस को तत्परता पूर्वक कार्रवाई करना चाहिए।

**इनका कहना है....** पिछले 3 महीने के अंदर जिन पर नंबर नहीं है और ब्राह्मण ठाकुर छतरी लिखा था, करीब 1500 वाहनों पर जुर्माना की कार्रवाई की गई है, वहीं 200 से अधिक चार पहिया वाहन जो अनाधिकृत रूप से हुटर का प्रयोग कर रहे थे, उनके भी चालान किए गए थे द्य चेकिंग के दौरान जब भी समय-समय पर ऐसे वाहन मिलते हैं तो कार्रवाई की जाती है और आगे भी कार्रवाई की जाएगी।

**संतोष सिंह भदोरिया, यातायात प्रभारी मुरैना**

# एनपीएस अंतर्गत मिसिंग क्रेडिट के निराकरण के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का होगा आयोजन

**शिवपुरी ब्यूरो।** राष्ट्रीय पेंशन योजना के अंतर्गत मिसिंग क्रेडिट के निराकरण के लिए विशेष अभियान चलाकर कर्मचारियों के मामलों का निराकरण किया जा रहा है। इसके लिए जिला कोषालय द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है। जिला कोषालय अधिकारी छवि जैन ने बताया कि ऐसे शासकीय सेवक जो राष्ट्रीय पेंशन योजना के अंतर्गत आते हैं और जिनके राष्ट्रीय पेंशन योजना के अंतर्गत मिसिंग क्रेडिट की स्थिति परिलक्षित हो रही है। जिनका विभाग स्तर से निराकरण नहीं हो पा रहा है, उनके निराकरण के लिए दो दिवसीय कार्यशाला जिला कोषालय में आयोजित कर की जा रही है। उन्होंने बताया कि समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी के अधीनस्थ एनपीएस अंतर्गत ऐसे शासकीय सेवक जिनके एनपीएस मिसिंग है, वह इस कार्यशाला में शामिल होकर अपनी प्रकरण का निराकरण करा सकते हैं। अभी 5 और 6 मार्च को आयोजित हो रहे दो दिवसीय शिविर में शासकीय सेवक को प्रान नंबर कार्ड, एनपीएस स्टेटमेंट, और पे -स्लिप आदि जानकारी के साथ उपस्थित होना है।

# भगोरिया को राजकीय स्तर पर उत्सव के रूप में मनाएगी सरकार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## हर जनजातीय नर्तक एवं वाद्य कलाकार को दिए जाएंगे पांच-पांच हजार रूपए

**जनजातीय समाज के देवस्थानों एवं पूजा स्थलों के विकास के लिए सभी पेसा ग्राम पंचायत को दिए जाएंगे तीन-तीन हजार रुपए**

**जनजातीय देवलोक महोत्सव में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धर्म मुखियाओं का किया सम्मान**



**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगोरिया उल्लास का पर्व है। यह फागुन के रंगों से सराबोर प्रकृति की खुशबू में कुछ पल थम जाने और इसी में रम जाने का पर्व है। हमारी सरकार भगोरिया का उल्लास बरकरार रखेगी। अब भगोरिया को राजकीय स्तर पर उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। यह इसी वर्ष से शुरू किया जाएगा। वे स्वयं भी भगोरिया उत्सव में शामिल होंगे। सरकार छोटे-छोटे स्थान पर जनजातीय देवी-देवताओं के पूजा स्थलों को विकसित करने के लिए सहायता देगी। हम कोरकू उत्सव भी मनाएंगे। इसके अलावा जनजातीय समाज के जितने भी त्यौहार आने वाले हैं, सरकार उन्हें राजकीय स्तर पर मनाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास में हुए जनजातीय देवलोक महोत्सव में यह महत्वपूर्ण सौगातें दीं। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज हमारा गौरव है। जनजातीय नायकों ने स्वाधीनता संग्राम में अपना बलिदान दिया। वे किसी के भी सामने झुके नहीं। जनजातियों की देशज पुरा संस्कृति को संरक्षित रखने के लिए सरकार उनका सहयोग करेगी। जनजातियों की विशेष पूजा पद्धति, रीति-रिवाज संस्कृति, संस्कार यह सब हमारी धरोहर हैं। सरकार इन्हें संजोकर रखने के लिए हर जरूरी कदम उठाएगी।

आरंभ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी अतिथियों के साथ जनजातीय परम्परा एवं पूजा पद्धति से बड़ा देव पूजन एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने सभी जनजातीय बंधुओं से जय बड़ा देव और जय जोहार का उद्घोष कराया। समारोह स्थल पर आगमन के दौरान जनजातीय समुदाय के कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य एवं वाद्य यंत्रों, मांदल की थाप से अपनी मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों के साथ महोत्सव में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भी मेजबान के रूप में मुख्यमंत्री निवास आए सभी मेहमानों/आगंतुकों पर पुष्पवर्षा कर उनका हार्दिक स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज का महोत्सव जनजातीय समाज के धार्मिक मुखियाओं का सम्मान है। जनजातीय संस्कृति को संरक्षित रखने वाले ओझा, पटेल, पुजारा, तड़वी, भगत, भुमका, पंडा एवं अन्य धर्म मुखियाओं सरकार के लिए सदैव सम्मानित रहेंगे। उन्होंने कहा कि जनजातियों की संस्कृति में आत्मीयता है, इनकी बोली में प्रेम प्रतिबिंबित होता है। जनजातियों की पूजा पद्धति प्रकृति के प्रति आस्था को व्यक्त करती है। जनजातियों के सभी देवी देवताओं और इनकी प्रकृति के प्रति आभार पूजा पद्धतियों को भी नमन है। प्रकृति पूजक जनजातीय संस्कृति हम सबको जीना सिखाती है, जीवन का आनंद लेना सिखाती है। जल, जंगल, जमीन और जमीर बचाने में जनजातीय महानायकों ने अपने प्राणोत्सर्ग कर दिए। जनजाति समाज भारत का गौरव है।

टंट्या मामा, रानी दुर्गावती, अमर शहीद रघुनाथ शाह और कुंवर शंकर शाह इसकी पहचान हैं। जनजातीय समाज ने सदियों से भारतीय संस्कृति को और अधिक पल्लवित किया है। जनजातीय समाज के वाद्य यंत्र और उनकी बोली मानवीय भावों का उदात्त प्रकटीकरण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय बंधुओं से अपील की है कि इस समृद्ध संस्कृति को हमेशा बनाए रखें। सरकार इसमें मदद करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय समाज के लिए बड़े काम किए हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने वहां के जनजातियों के उत्थान के लिए अनुकरणीय कार्य किए। केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री जन-मन योजना, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान और पेसा एक्ट के जरिए राज्य सरकार ने जनजातीय बंधुओं को सशक्त बनाने की दिशा में प्रभावी प्रयास किए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय संस्कृति के पैरोकार नर्तक दल और वाद्य यंत्र कलाकारों के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि जनजातीय देवलोक महोत्सव में आए सभी जनजातीय नर्तकों एवं वाद्य कलाकारों को प्रोत्साहन स्वरूप पांच-पांच हजार रूपए की धनराशि दी जाएगी। इसके जनजातियों देवस्थानों एवं इनके देवी देवताओं के प्रतीकों, पूजा स्थलों एवं पूजा पद्धतियों के संरक्षण के लिए प्रदेश की सभी पेसा ग्राम पंचायतों को तीन-तीन हजार रूपए की वित्तीय सहायता दी जाएगी।

# चंबल की जमीं देश के लिए मर मिटने वाले सपूतों के बलिदान से गौरवान्वित: विधानसभा अध्यक्ष

**शहीदों के बलिदान एवं देश के किए उनकी समर्पण की भावना से आने वाली पीढ़ी प्रेरणा लेगी, विधानसभा अध्यक्ष ने ग्राम अटार में हवलदार महेन्द्र सिंह सिकरवार की प्रतिमा का अनावरण किया**



**मुरैना,कांस।** विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा है कि आज सबलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अटार में हवलदार स्व. श्री महेन्द्र सिंह सिकरवार की प्रतिमा का अनावरण किया जा रहा है।इस महान शहीद के बलिदान से आने वाली पीढ़ी प्रेरणा लें और अपने जीवन को सार्थक बनाये। इस अवसर पर श्रीश्री 108 संत श्री कृपाल सिंह, सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर, जिला पंचायत की अध्यक्षा श्रीमती आरती गुर्जर, क्षेत्रीय विधायक श्रीमती सरला रावत, श्योपुर जिले की जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई, पूर्व मंत्री श्री मुंशी लाल, पूर्व विधायक श्री सूबेदार सिंह रजौधा, समाजसेवी श्री कमलेश कुशवाह, डॉ. योगेशपाल गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष श्री सोनेराम, समाजसेवी श्री सौरभ सिकरवार, श्री राजीव सिकरवार सहित शहीद के परिजन, बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि चम्बल क्षेत्र डकैतो के कारण बदनाम रहा है, क्युकि सिर्फ इन्ही नकारात्मक घटनाओं का प्रचार प्रसार किया गया एवं चम्बल क्षेत्र के लोगों की अचाइयों और क्षेत्र में छिपी विशेषतयों को उजागर नहीं किया गया। इस कारण इस क्षेत्र में पुरानी संपदाओं का प्रचार-प्रसार नहीं हुआ। इस कारण इस क्षेत्र को जो ख्याती मिलनी चाहिये थी, वह नहीं मिली। चम्बल क्षेत्र में ककनमठ, मितावली, पढ़ावली, बटेश्वरा एवं श्योपुर जिले का किला अपने आप में एक अद्भुत उदाहरण है। पुरातत्व के लोग इसका महत्व समझते है, जब वे यहां की धरोहर के बारे में लिखते है तो इस क्षेत्र का भी कहीं उच्च शिखरों में अच्छाईयों में नाम देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि वतन पर मिटने की बात करें तो चीन, पाकिस्तान जैसे बड़े युद्ध हुये है, उनमें भारत माता की रक्षा करते समय चम्बल क्षेत्र के लोग सबसे आगे दिखे है। चम्बल के लोगों ने ऐसे युद्धों में पीठ पर गोली नहीं, छाती पर गोली खाई है। भारत माता की खातिर लोहा लिया और अपने प्राण न्योछावर कर दिए। हवलदार शहीद महेन्द्र सिंह सिकरवार का बलिदान भी उन सब में से एक है उनकी प्रतिमा के अनावरण के लिए हम सब इकट्ठे हुये है। आने वाली पीढ़ी को उनके बलिदान से सीख लेनी चाहिये। सभी शहीदों के जन्मदिवस और पुण्यतिथि पर शहीदों की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन अवश्य करें। श्री तोमर ने कहा कि शहीदों के स्मारक और सरस्वती शिशु स्कूल के लिये जो भी राशि की आवश्यकता होगी उसके लिए मैं अवश्य सहयोग करूंगा। श्रीश्री 108 संत श्री कृपाल सिंह ने कहा कि शहीद महेन्द्र सिंह सिकरवार का जन्म 01 जनवरी 1980 को हुआ था और 19 अगस्त 2023 को ऑपरेशन ड्यूटी के दौरान शहीद हुये थे।

उनकी प्रतिमा का अनावरण करने का अवसर मिला है। चम्बल में बिस्मिल जैसे और भी शहीद हुये है, उनके माता-पिता के ऐसे संस्कार रहे, जिन्होंने महेन्द्र सिंह सिकरवार जैसे पुत्र को जन्म दिया। सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर ने कहा कि शहीद महेन्द्र सिंह सिकरवार के परिवार को मैं आश्वस्त करता हूं कि आने वाले समय में जो भी सहायता मिलेगी, मैं पीछे नहीं रहूंगा। इस क्षेत्र के सैंकड़ों लोग देश की रक्षा के लिये शहीद हुये है।

चम्बल भूमि वीरों की भूमि है, इसमें पंडित रामप्रसाद बिस्मिल और शहीद महेन्द्र सिंह सिकरवार जैसे सपूत जन्मे है, जिन्होंने देश की खातिर संघर्ष किया। कार्यक्रम को क्षेत्रीय विधायक श्रीमती सरला रावत, समाजसेवी श्री कमलेश कुशवाह, जनसेवक श्री सौरभ सिकरवार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने शहीद की पत्नि श्रीमती पिंकी, पुत्र मनीष और पुत्री कु. प्रिया को शॉल, श्रीफल से सम्मानित भी किया।

# निगमायुक्त श्री संघ प्रिय ने विभागीय कार्यों की समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**ग्वालियर,नसं.।** नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने विभागीय कार्यो की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर आयुक्त श्री विजय राज, श्री अनिल दुबे, अपर आयुक्त वित्त श्रीमती रजनी शुक्ला, उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता, डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव, अधीक्षण यंत्री श्री जेपी पारा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। निगम मुख्यालय में आयोजित बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण शीघ्रता से संतुष्टि पूर्ण करें, इस बार हमें अच्छी रैंक मिलना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने न्यायालयीन पत्रों का जवाब समय सीमा में प्रस्तुत करने के साथ ही जनप्रतिनिधियों और टीएल के पत्रों का जवाब समय सीमा में लिखित में संतुष्टि के साथ देने के निर्देश दिए। बैठक में संपत्ति कर एवं जलकर वसूली की कम वसूली पर नाराजगी व्यक्त की तथा लक्ष्य के अनुरूप वसूली के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि स्वच्छता सर्वेक्षण के कार्य में लगे सभी कर्मचारी गंभीरता से कार्य करें। संबंधित अधिकारी प्रत्येक दिन क्षेत्र भ्रमण कर साफ सफाई व्यवस्था देंखें तथा जहां जिस कार्य की आवश्यकता है वह कार्य प्राथमिकता से करायें। इसके साथ ही सडकों पर कहीं भी गंदगी न हो, कचरा ठिये समाप्त किए जाएं। पार्कों में विशेष सफाई अभियान चलाऐं, पार्कों में छोटे-छोटे कार्य को प्राथमिकता से करायें। बडे संस्थान गीला व सूखा कचरा अलग-अलग नहीं दे रहें तो जुर्माने की कार्रवाई करें तथा स्वच्छता में लगे टिपर वाहनों एवं हेल्पर की प्रोपर मॉनिटरिंग करें। बैठक के दौरान यह भी निर्देशित किया गया कि जहां जहां गोबर सडकों पर डाला जा रहा है या गोबर के ठिये बना दिए हैं, संबंधित गोबर डालने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई करें। साथ ही गर्मी के मौसम को देखते हुए जल का अपव्यय न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। जो भी जल का अपव्यय कर रहा है तो जुर्माने की कार्रवाई की जाए। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पेंशन की ई केवाईसी का कार्य तेजी के साथ प्राथमिकता से किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें तथा ई केवाईसी के कार्यों में लापरवाही बरतने वाले राजस्व टीसी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अन्य विभागीय कार्यों पर चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# स्वच्छ पेयजल, स्वास्थ्य की आधारशिला: उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

**प्रत्येक घर में उचित मात्रा और गुणवत्ता पूर्ण जल की आपूर्ति करें सुनिश्चित**

**मंत्रालय में रीवा एवं मऊगंज ज़िले में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की**



**रीवा,कासं.।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि स्वच्छ पेयजल अच्छे स्वास्थ्य की आधारशिला है। इससे जल जनित बीमारियों पर नियंत्रण होता है, साथ ही अस्पतालों पर भी दबाव कम होता है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाये। उन्होंने कहा कि जल की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। ऐसे क्षेत्र जहाँ कार्य पूर्ण हो चुका है, वहाँ मॉनिटरिंग करके, प्रत्येक घर में उचित मात्रा और गुणवत्ता पूर्ण जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में रीवा एवं मऊगंज ज़िले में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री पी. नरहरि, एमडी जल निगम श्री केवीएस चौधरी सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कंदेला सामुदायिक योजना के अंतर्गत ग्राम सगरा, इटौरा, भाटी, पुरैना, टिकुरी, अजगरहा, नवागांव, लक्ष्मणपुर लौवा, कपुरी, सनौरा, कुशहा आदि में गांवों की जलापूर्ति की स्थिति का भौतिक सत्यापन कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत 32 एकल नल-जल योजनाओं की टेंडर प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने और समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने टमस सामुदायिक योजना में 20 जल टंकियों का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि योजनाओं की प्रभावी निगरानी कर समय-सीमा में कार्यों की पूर्ति सुनिश्चित की जाये।

# कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक

**अवैध खनन-अतिक्रमण के खिलाफ चलाएं अभियान: कलेक्टर डॉ सिंह**




**रायपुर,कासं.।** कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। उन्होने कहा कि जिले में अतिक्रमण, अवैध खनन के खिलाफ अभियान चलाएं। सभी नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायत अपने क्षेत्र में चिन्हित करें और त्वरित कार्रवाई करें। शासकीय जमीन पर और सड़को पर अवैध कब्जा करने वालो को हटाए। सड़को के किनारे खड़े कंडम वाहनो को हटाए।

दुकान के बाहर सामान रख कर यातायात को बाधित करने वाले पर कार्रवाई करें। कलेक्टर ने कहा कि अवैध खनन के प्रकरण आने पर कड़ी कार्रवाई करें और एफआईआर भी करें। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व के लंबित प्रकरणों का निराकरण करें। जिन अधिकारियों को ग्राम स्तर पर नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी वह गांव का दौरा कर तय समयावधि पर रिपोर्ट दें। स्कूली बच्चों के जाति प्रमाणपत्र अधिक से अधिक संख्या में बनाएं। बैठक में डीएफओ श्री लोकनाथ पटेल, नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा एवं जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# डीएम की अध्यक्षता में पीएम आवास योजना शहरी के सफल क्रियान्वयन के लिए बैठक संपन्न

**डीएम ने सभी नगरीय निकायों में योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के दिए निर्देश**

**प्राप्त आवेदनों का 20 मार्च तक गुणवत्तापरक एवं पारदर्शिता से सत्यापन कर रिपोर्ट करें प्रस्तुत**



**अलीगढ़,कासं.।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)-2.0 के सफल क्रियान्वयन के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। डीएम ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी के संकल्प के तहत सभी पात्र एवं जरूरतमंदों के सिर पर छत का सपना साकार करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के द्वितीय चरण में पात्रों का चयन कर उनको प्राथमिकता से लाभान्वित किया जाना है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा नगर निगम समेत अन्य नगर निकायों से पात्र लाभार्थियों की डीपीआर तैयार कर भेजे जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं, जिसके क्रम में शासन द्वारा निर्धारित पात्रता की शर्तों के दिशा निर्देशानुसार सत्यापन कर रिपोर्ट भेजी जानी है।

उन्होंने योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी नगर निकायों में पात्रता एवं आनलाइन आवेदन संबंधी जानकारी प्रदर्शित करते हुए होर्डिंग्स की स्थापना कराई जाए। डीएम ने बताया कि योजना के तहत जिले के ऐसे निवासी जिनके पास नगर निगम, नगर पालिका परिषद या नगर पंचायत कम से कम 30 वर्ग गज जमीन हैं और जिन्होंने भी इस योजना में पहले आवेदन किया था या नया करना चाहते हैं, वह सभी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना के तहत आवेदक का मोबाइल से लिंक आधार कार्ड होना अनिवार्य है। इसके साथ ही बैंक की पासबुक की छायाप्रति, आवेदक का 03 लाख रूपये वार्षिक तक का आय प्रमाण पत्र, आवेदक के परिवार के सदस्यों का आधार कार्ड, आवेदक का पैन कार्ड, आवेदक के जमीन से सम्बन्धित दस्तावेज होने चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आवेदन परिवार में महिला के नाम से कराना अनिवार्य है। सिर्फ एकल पुरुष ही परिवार में है तो अपने नाम से आवेदन कर सकता है। बैठक का संचालन करते हुए पीओ डूडा कौशल कुमार ने बताया कि जिले में 28 फरवरी तक 8604 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें 46 निराश्रित महिला, 870 विधवा, 333 वरिष्ठ नागरिक एवं 7354 अन्य आवेदक शामिल हैं। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों का 20 मार्च तक पारदर्शिता से सटीक सत्यापन कर सर्वे का कार्य पूर्ण किया जाए।

डीएम ने मुख्यमंत्री अल्प विकसित व मलिन बस्ती विकास योजना की समीक्षा में पाया कि वर्ष 2022-23 में 47 के सापेक्ष 44, वर्ष 2023-24 में 75 के सापेक्ष 46 कार्य पूर्ण हुए हैं जबकि वर्ष 2024-25 में शासन स्तर से 03 कार्य स्वीकृत किए गए हैं। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अवशेष कार्यों को जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा में लंबित 199 आवेदनों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। यूपीआई उपयोगकर्ता स्ट्रीट वेंडर्स की समीक्षा में बताया गया कि जिले में 38936 उपयोगकर्ताओं में से 25224 एक्टिव हैं अभियान चलाकर 2586 को एक्टिव कराया गया है।

डीएम ने अवशेष 11126 की मॉनिटरिंग कर एक्टिव कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में शक्ति रसोई, आश्रय गृह स्थलों के भुगतान एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में नगर आयुक्त विनोद कुमार, एडीएम प्रशासन पंकज कुमार, सहायक नगर आयुक्त राकेश कुमार समेत सभी एसडीएम एवं ईओ उपस्थित रहे।

# ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज योजना से क्षेत्र का कोना-कोना सिंचित होगा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज योजना के लिए राज्य सरकार, महाराष्ट्र सरकार के साथ चर्चा कर समझौते की ओर आगे बढ़ रही है। विश्व की इस सबसे बड़ी ग्राउंड रिचार्ज परियोजना से क्षेत्र का कोना-कोना सिंचित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रालय में पूर्व मंत्री तथा विधायक बुरहानपुर श्रीमती अर्चना चिटनिस के नेतृत्व में बुरहानपुर से भेंट के लिए आए कृषकों से चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से नवल सिंह सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित बुरहानपुर के प्रतिनिधियों ने भी भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकहित में शक्कर कारखाने का संचालन करने में सक्षम संचालक मंडल का गठन कर किसानों और क्षेत्रीय जनता के हित में कारखाने का संचालन किया जाए, राज्य सरकार हर संभव सहयोग के लिए तत्पर है।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा मोबा.- 9329077393
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954